।। जय जय दयानन्द ।। आनन्दमयी श्यामा ।। जय जय सम्पदानन्द ।।

एक ही कलेवर में वाजसनेयी व छन्दोग पंचदान 'श्राद्ध-पद्धति'

मिथिलादेशीय

सुगम-श्राद्ध-विधि

पं0 दिगम्बर झा

: 9279259790

email : jyotirlok108@gmail.com

मूल्य : 125/

सम्पादक

पं0 दिगम्बर झा
रजौड़ा, बेगूसराय, बिहार
851131 .
09279259790
jyotirlok108@gmail.com

वितरक

श्री विनोद झा
रजौड़ा, बेगूसराय
8678061817

प्रकाशक

प्रज्ञा प्रकाशन
रजौड़ा
बेगूसराय

प्रथम संस्करण : 2014 ई0.
द्वितीय संस्करण : 2016 ई0.

© सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

'' आत्म-निवेदन ''

श्रद्धा-सुमन के साथ विद्वानों के लिए एक ही कलेवर में छन्दोगी व वाजसनेयी श्राद्ध-पद्धति (अपात्रक) का द्वितीय संस्करण निवेदित करते हुए मैं अपार आनन्द की अनुभूति कर रहा हूँ । प्रस्तुत 'सुगम-श्राद्ध-विधि' में मंत्रादि की शुद्धि का प्रयास रखते हुए सपिण्डनश्राद्ध में वाक्यांतर किया गया है । पितामह-प्रपितामह व वृद्धप्रपितामह के लिए जहां अन्य पद्धतियों में अलग-अलग आसन-अर्घ्यादि उत्सर्ग वाक्य पाया जाता है वहीं इन तीनों के लिए प्रस्तुत पद्धति में एक वाक्य-प्रयोग पूर्वक आसनार्घ्यादि उत्सर्ग विधि दी गई है, क्योंकि व्यवहार में बहुवचन पूर्वक ही (एक वाक्य पूर्वक) उत्सर्ग कराते देखा जा रहा है । आशा है कि इस पद्धति से विद्वद्गन ही नहीं अपितु सामान्य ज्ञानवान पुरोहित भी इस विधि का प्रयोग और अधिक सहजता से कर पाएंगे। साथ ही उत्सर्ग वाक्य रचना के अतिविस्तार को कम करते हुए व्यवहार व समयानुकूल बनाने का भी प्रयास किया गया है ।

पद्धति में जहां **'संध्या-विधि'** , **'संक्षिप्त-तपर्ण-विधि'** के साथ **'पंचदेवता एवं विष्णु पूजन'** को समाहित किया गया है वहीं कालोचित नहीं होने के कारण वृषोत्सर्ग को समाहित नहीं किया जा रहा हजिसका खेद भी है, तथापि पंचकदाह एवं पंचकमरण शांति, सांवत्सरिक एकोदिष्ट (वर्षी) विधि आदि समाहित किया गया है । प्रायः देखा जाता है कि पिता, माता, भाई का श्राद्ध तो सहजता से करा देते हैं

पर पितृव्य (चाचा) पितामह, पत्नी आदि के श्राद्ध में अच्छे-अच्छे प्रतिष्ठित पंडित भी सर्वत्र एक ही विभक्ति का प्रयोग करते हैं; यथा - पितृव्य, पितामह, पत्नी आदि। इसी कारण प्रस्तुत पुस्तक में पिता, माता, चाचा पत्नी, बाबा, मामा, पति, गरु, भाई आदि के श्राद्ध में विभक्ति-प्रयोगार्थ सुलभता हेतु सारणी दिया गया है जिससे सामान्य पुरोहित भी श्राद्ध कराने में सहजता का अनुभव करेंगे । पुस्तक का आकार छोटा करने के क्रम में एकादशाह को किये जाने वाले आद्य श्राद्ध एवं द्वादशाह को किये जाने वाले षोडश मासिक श्राद्ध एकीकृत करके दिये गए हैं कारण कि मासिक श्राद्ध की अपेक्षा आद्य श्राद्ध में किंचित अंतर ही पाया जाता है । एक अच्छे शिक्षित ब्राह्मण को श्राद्ध कराने के लिए 15-20 श्राद्धों में प्रशिक्षण की जरूरत परती है । इस कारण मेरा प्रयास यह रहा है कि इस पुस्तक के माध्यम से श्राद्ध कराने के लिए सामान्य साक्षर पुरोहितों को भी मात्र 3-5 श्राद्ध में प्रशिक्षण लेना परे ।

यह कार्य तो मेरे लिए अतिदुरुह था पर गुरुजनों के आशीर्वाद और विद्वानों के मार्गदर्शन से पुस्तक को एक सुव्यवस्थित कलेवर में प्रस्तुत कर पाया । मार्गदर्शक विद्वानों में महारथपुर निवासी **श्री कृष्णमोहन झा** का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ जिनका आभार शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता । इनके संशोधन से ही पद्धति सुसंस्कृत हो पायी । **श्री सुखदेव पाठक (पिपड़ा), श्री श्यामनारायण झा (रुदौली), श्री ताराकान्त झा (छतौना), स्व0 सदानन्द झा (पहसारा), स्व0 उगनदेव मिश्र (रजौड़ा), श्री सुरेन्द्र झा (पवड़ा), श्री शिवेश पाठक (वन्द्वार)** आदि अनेक विद्वानों का सुझाव प्राप्त हुआ ।

सबसे अंत में **श्री अजय मिश्र** (संपादक-वैदेही पंचांग) का विशेष आभारी हूं जिन्होंने पुस्तक प्रकाशन में बहुत ही सहयोग किया।

विद्वानों से निवेदन है कि मेरे अल्प-ज्ञान, टंकण-दोष आदि अनेक कारणों से जो अशुद्धियां होंगी उनमें सुधार कर प्रयोग करेंगे व अगले संस्करण में सुधारार्थ हमें अवगत भी करेंगे ।

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः। हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः।।

रजौड़ा, बेगूसराय, बिहार, 851131 . पं0 दिगम्बर झा

मो0 : 9279259790

विषय सूचि

	पृष्ठ
1. श्राद्ध विषयक कुछ विशेष तथ्य	08
2. वैतरणी दान	14
3. अशौच निर्णय	17
4. दाह-संस्कार	20
5. घटदान विधि	23
6. दशगात्र पिण्डदान	24
7. तैल खल्ली दान मंत्र	32
8. सौरि-सूर्य-कुज वार-क्षौर दोष शान्ति मंत्र	32
9. विभक्ति बोध सारणी	33
10. श्राद्ध जिज्ञासा	34
11. संध्या विधि	37
12.संक्षिप्त संध्या विधि	43
13.वाजसनेयि तर्पण विधि	44
14. छन्दोग तर्पण विधि	48
15. पंचदेवता एवं विष्णु पूजन	50
16. पंचदान	54
17. दिग्रक्षण मंत्र	60
18. वाजसनेयि अपात्रक आद्य व मासिक श्राद्ध विधि	61
19. वाजसनेयि सपिण्डन श्राद्ध	73
20. छन्दोगी अपात्रक आद्य व मासिक श्राद्ध विधि	93
21. सपिण्डन श्राद्ध छन्दोग	106
22. सामान्योत्सर्ग विधि	125
23. द्रव्यदेवता कथन	132
24. पुरुष सूक्त	133
25. रुद्र सूक्त	135
26. शास्त्र और व्यवहार	140

।। सादर समर्पित ।।

जन्म तिथि :- 12/09/1962 ई0. पुण्य तिथि :- 14/03/2011 ई0.

पं0 पारसनाथ झा 'मणि'

तृतीय वर्षी : फाल्गुन शुक्ल नवमी (सोमवार) तदनुसार दिनांक : 10।03।2014

जिनके असामयिक देहावसान से बेगूसराय के विद्वत्समाज को अपूरणीय क्षति हुई हैं उन स्वर्गवासी पितृव्य की पावन स्मृत्ति के अवसर पर यह पुस्तक प्रकाशित करते हुए उन्हीं को समर्पित करता हूँ ।

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपरानि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यऽन्यानि संयाति नवानि देही ।।

श्राद्ध विषयक कुछ विशेष तथ्य

" पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः " अर्थात् पितर सुसंस्कृत वाक्य रूपी मंत्र द्वारा प्रदत्त अन्नादि ही ग्रहण कर पाते हैं व प्रसन्न होकर आर्शीवाद प्रदान करते हैं । देवता मंत्र शुद्धता की अपेक्षा भाव के अनुसार नैवेद्यादि ग्रहण करते हैं । प्रायः देखा जा रहा है कि उत्कृष्ट रूप से श्राद्ध करने वाले श्राद्धकर्ता भी वाक्याशुद्धता का आश्रय लेने को विवश रहते हैं । पितृकर्म में शुद्ध वाक्योच्चारण करने व कराने वाले ब्राह्मणों की कमी के कारण भी ऐसा हो रहा है। बहुत विद्वान स्वयं तो शुद्ध उच्चारण करते हैं पर यजमान से नहीं करा पाते, अथवा मंत्रान्त के वर्ण या शब्दादि का लोप कर देते हैं, तो बहुत विद्वान वृद्धावस्था के कारण शुद्ध उच्चारण करने में असमर्थ हो जाते हैं यथा :- राम का आम स्वधा का सुधा, विष्णु का विषुण, सत्यनारायणाय का सत्यनारनाय आदि । ऐसे कर्मकाण्डि सम्मानित ब्राह्मणों को स्वतः श्राद्ध-कर्म से संन्यास ले लेना चाहिए ।

''मूर्खो वदति विष्णाय विज्ञो वदति विष्णवे । द्वयोरपि समं पुण्यं भावग्राही जनार्दनः ।।''

अर्थात् मूर्ख रामाय, शिवाय आदि का अनुसरण कर यदि विष्णाय कहकर भी पूजन-जपादि करे तो भी कोई दोष न होकर विष्णवे कहने के तुल्य ही पुण्य की प्राप्ति होगी, क्योंकि भगवान तो भाव मात्र ही ग्रहण करते हैं :- **भावग्राही जनार्दनः, भावमिच्छन्ति देवताः, भावो हि विद्यते देवः , सांवरिया भाव का भूखा आदि ।** पर पितृकर्म में यह दोष त्याज्य नहीं माना गया है कारण कि :- **पितरो वाक्यमिच्छन्ति ।**

श्राद्ध :- पितरों के निमित्त श्रद्धा पूर्वक किया जाने वाला होम, पिण्डदान, ब्राह्मण भोजनादि श्राद्ध कहलाता है ।

होमश्च पिण्डदानश्च तथा ब्राह्मणभोजनम् । श्राद्ध शब्दाभिधेयं स्यादेकस्मिन्नौपचारिके।। हेमाद्रि
संस्कृतं व्यञ्जनाद्यं च पयोमधु घृतान्वितम् । श्रद्धया दीयते यस्माच्छ्राद्धं तेन निगद्यते ।। बृहस्पति
देशेकाले च पात्रे च श्रद्धयाविधिना च यत् । पितॄनुद्दिश्य विप्रेभ्यो दत्तं श्राद्धमुदाहृतम्।। ब्रह्मांडपुराण

अतः श्राद्ध में मंत्र की शुद्धता के साथ श्रद्धा भी अनिवार्य है ।

पंच श्राद्ध :- **नित्यं नैमित्तिकं काम्यं वृद्धिश्राद्धं तथैव च। पार्वणं चेति मनुना श्राद्धं पञ्चविधं स्मृतम्।।**

श्राद्ध स्थान :- गंगातीरे तु सम्प्राप्ते इन्दोः कोटी रवेर्दश । मत्स्यपुराण
धात्रीबिल्ववटाऽश्वत्थ मुनिचैत्यगजान्विताः । श्राद्धं छायासु कर्तव्यं प्रासादादौ महावने ।। प्रजापति
वाराणस्यां यवाधिक्यं समन्ताद्योजनत्रयम् । यत्किंचित् पैतृकं कुर्यात् सपिण्डं वा तदन्तिके ।।
रुद्रलोकं स गच्छेत्तु लभते शाश्वतं पदम् ।। पद्म पुराण

श्राद्ध और सूतक :-
व्रत यज्ञ विवाहेषु श्राद्धे होमार्चने तथा । आरब्धे सूतकं न स्यादनारब्धे तु सूतकम् ।।
आरम्भो वरणं यज्ञे संकल्पो व्रतजापयोः। नान्दीश्राद्धं विवाहादौ श्राद्धे पाकपरिक्रिया ।।
ताम्बूलं दन्तकाष्ठं च स्नेहं स्नानमभोजनम् । रत्यौषधपरान्नानि श्राद्ध कर्ता विवर्जयेत् ।। जाबालि
आशीर्वादं देवपूजां प्रत्युत्थानाऽभिवादनम् । पर्यंके शयनं स्पर्शं न कुर्यान्मृतसूतके ।। गरुडपुराण

पात्र - किसी वस्तु को रखने का बरतन आदि ।

महापात्र - प्रेत और पितरों के निमित्त अन्न, वस्त्र, गौ, भूमि इत्यादि जिस पात्र में रखा (जिसको दिया) जाय वह महापात्र कहलाता है ।

सपात्रक श्राद्ध- जिस श्राद्ध में प्रेत प्रतिनिधित्व पूर्वक महापात्र (ब्राह्मण) अर्घ्य-अन्नादि ग्रहण करें वह सपात्रक श्राद्ध कहलाता है।

अपात्रक श्राद्ध- जिस श्राद्ध में प्रेत का प्रतिनिधित्व महापात्र (ब्राह्मण) न करे बल्कि कुश रूपेण हो, अर्थात् प्रेत-प्रतिनिधित्व में पात्र का अभाव हो वह अपात्रक श्राद्ध कहलाता है ।

त्रीणि श्राद्धे पवित्राणि दौहित्रः कुतपस्तिलाः। रजतस्य तथा दानं कथा संकीर्तनादिकम् ।। वि.पु. 3। 16। 52

दौहित्र (नाती), कुतप (दिन का आठवां मुहूर्त्त 11:36 - 12:24 बजे तक सामान्यतः) और तिल ये तीन तथा चांदी का दान या चर्चा ये सब श्राद्धकाल में पवित्र माने गए हैं ।

वर्ज्यानि कुर्वता श्राद्धं क्रोधोऽध्वगमनं त्वरा । भोक्तुरप्यत्र राजेन्द्र त्रयमेतन्न शस्यते ।। वि.पु. 3। 16। 53

श्राद्ध कर्त्ता के लिए क्रोध, मार्गगमन और उतावलापन (जल्दीबाजी) ये तीनों वर्जित है । साथ ही श्राद्ध में भोजन करने वालों के लिए भी ये तीनों वर्जित है।

म्लेच्छदेशे तथा रात्रौ सन्ध्यायां विप्रवर्जिते । न श्राद्धमाचरेद्विद्वान् न चाकाशे कथञ्चन ।। दिवोदास

इस श्लोक में रात्रि काल में श्राद्ध करने का निषेध पाये जाने के कारण कुछ व्यावहारिक कठिनाई देखी जाती है। कुछ विद्वान रात्रि निषेध का उक्त प्रमाण देकर सूर्यास्त पूर्व ही श्राद्ध-सम्पन्न करने के लिए विधि का लोप करते हुए अति संक्षेपीकरण करते हैं ।

दिवोदितानि कर्माणि प्रमादादकृतानि वै । यामिन्याः प्रहरं यावत् तावत् कर्माणि कारयेत् ।। बृहन्नारद
रात्रौ प्रहर पर्यन्तं दिवाकृत्यानि कारयेत् । ब्रह्मयज्ञं च क्षौरं च वर्जयित्वा विशेषतः ।। संग्रह

वहीं कुछ दीर्घसूत्री विद्वान इस प्रमाण से श्राद्ध में अत्यधिक विलम्ब करते हैं, कि दिन में कर्तव्य समस्त कर्म रात के प्रथम प्रहर में किया जा सकता है । 3 घण्टे का एक प्रहर होता है, अतः सूर्यास्त के बाद भी तीन घण्टे तक किया जा सकता है, सो यह भी अनुचित ही है । श्लोक का अर्थ यह है कि यदि प्रमादादि के कारण बिलम्व हो तो रात्रि के प्रथम प्रहर तक श्राद्धादि किया जा सकता है न कि जानबूझ कर प्रमाण का आधार लेकर रात करना चाहिए । और न ही सूर्यास्त पूर्व समाप्त करने के लिए विधि-लोप-पूर्वक (अति संक्षेप) करना चाहिए । सूर्यास्त पूर्व सपिण्डीश्राद्ध का प्रयास करना चाहिए यदि न हो सके तो भी अति संक्षेप नहीं करना चाहिए ।

रक्षा-दीप कहां जलाना चाहिए ?

यह प्रश्न उतना विवादास्पद नहीं है जितना विवाद पाया जाता है । व्यवहार में बहुधा देखा जा रहा है कि विद्वानों द्वारा भी रक्षोघ्न-दीप अग्निकोण में दिलवाया जाता है। इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि दीप में अग्नि होती है और अग्नि का संबंध अग्निकोण से है, अतः रक्षोघ्न दीप अग्नि कोण में ही देना चाहिए । लेकिन यह तर्क उचित नहीं है। यदि अग्नि से संबंधित सभी क्रियायें अग्निकोण में ही होना चाहिए, तो एक-कुण्डीय यज्ञों में हवन-कुण्ड अग्निकोण में ही बनाया जाता। पर ऐसा विधान नहीं है, जिससे रक्षोघ्नदीप के अग्नि संबंधवश अग्निकोण में जलाने का प्रत्येक तर्क पूर्णतः अप्रामाणिक हो जाता है ।

प्रथम बिंदु यह है कि वह दीप किससे संबन्धित है ?

निश्चय ही प्रेत से संबन्धित है । जिस कारण दीपक की लौ दक्षिण ही किया जाता है । जब प्रेत संबंधित सभी क्रियायें

दक्षिण दिशापरक है व दीप भी दक्षिणाभिमुख ही है तो निश्चय ही वह दीप दक्षिण दिशा में देना चाहिए न कि अग्निकोण में।

दूसरा आधार ये है कि यज्ञों में विघ्न करने वाले कौन हैं व किस दिशा से विघ्न उपस्थित करते हैं ?

यज्ञों में विघ्न करने वाले प्रेत-पिशाच-राक्षसादि दक्षिण दिशा से आते हैं चाहे वह देव यज्ञ हो या पितृ यज्ञ । इसी कारण देव यज्ञों में यज्ञ रक्षा-वास्ते ब्रह्मा की स्थापना दक्षिण दिशा में की जाती है ।

दक्षिणे दानवाः प्रोक्ताः पिशाचोरगराक्षसाः । तेषां संरक्षणार्थाय ब्रह्मा तिष्ठति दक्षिणे ।। कारिका

अतः यह स्पष्ट हो जाता है कि यदि पितृ-यज्ञ की रक्षा वास्ते दीप दिया जाता है तो वह दक्षिण दिशा में ही देना चाहिए न कि अग्निकोण में । अथवा दक्षिण व नैर्ऋत्य कोण के मध्य में भी दिया जा सकता है कारण कि यमपुरी में यम का भवन दक्षिण दिशा व नैर्ऋत्य कोण के मध्य में है । पर अग्नि कोण में रक्षादीप देने का कोई ठोस आधार नहीं मिलता ।

सपिण्डन-श्राद्ध में आसन के क्रम पर विवाद देखा जाता है ।

एक मत :- पश्चिम से पूर्व की ओर विश्वेदेव, पितामह, प्रपितामह वृद्धप्रपितामह और प्रेत ।
दूसरा मत :- पश्चिम से पूर्व की ओर विश्वेदेव, प्रेत, पितामह, प्रपितामह, वृद्धप्रपितामह ।

आदौदेवः ततो प्रेतः पितरस्तदनन्तरम् । पश्चिमो भागमारभ्य ततः पूर्वे समापयेत् ।। प्रेतमंजरी

तर्पण में आसुरि के बारे में कुछ विवाद पाया जाता है । कुछ विद्वान **कपिलश्च सुरश्चैव** कहते हैं, जो कि पूर्णतः अनुचित है । आसुरि नामक ऋषि का वर्णन श्रीमद्भागवत, ब्रह्मवैवर्त्तादि पुराण में है । महाराज युधिष्ठिर ने जब राजसूय

यज्ञ किया था तो आसुरि ऋषि भी उस यज्ञ में भाग लिए थे । श्रीमद्भागवत का श्लोक इस प्रकार है -

अथर्वा कश्यपो धौम्यो रामो भार्गव आसुरिः । वीतिहोत्रो मधुच्छन्दा वीरसेनोऽकृतव्रणः ।। 10 ।74 ।9

सृष्टि विस्तार प्रसंग में ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में मरीच्यादि ऋषियों के साथ ही आसुरि की उत्पत्ति भी कही गई है । जब दो-तीन या अधिक करके मासिक श्राद्ध किया जाय, तो प्रत्येक मासिक का अन्न (प्रेत-भोजन) अलग-अलग दे लेकिन भूस्वामि अन्न और विकिर दान एक ही दे, मासिक संख्यानुसार नहीं । उदाहरण सपिण्डीश्राद्ध में विश्वेदेव, पितर और प्रेत सबको अन्नादि तो दिया जाता है पर भूस्वामि-अन्न व विकिर दान एक बार ही होता है ।

छन्दोग श्राद्ध में **'ये चात्र त्वानुयाँश्च त्वमनु तस्मै ते स्वधा' (युष्मानुयाँश्च यूयमनु .... स्वधा)** पद प्रयोग किया जाता है जिसका कुछ जगहों पर निषेध बतलाया गया है :-

प्रेतश्राद्धे स्त्रियाश्राद्धे श्राद्धे स्त्रीकर्तृके तथा । सपिण्डानां तथा श्राद्धे 'ये चात्र त्वां' नयोजयेत् ।। सुमति

निषिद्ध : **कूष्मांडं महिषीक्षीरं आढक्यो राजसर्षपाः। चणका राजमाषाश्च घ्नन्ति श्राद्धं न संशयः।।**

यथा श्राद्धविधौ देवि मांसं मुख्यं प्रकीर्तितं । कलौ तु तन्निषेधं स्याद् ब्राह्मणानां महेश्वरी ।। शक्ति

केतकी तुलसीपत्रं बिल्वपत्रं च वर्जयेत् । द्रोणं च करवीरं च धत्तूरं किंशुकं तथा ।। भविष्यपुराण

त्रयोदश क्रिया : **पादार्घं आसनं चार्घ्यं अर्चनं चान्नकल्पनम् । अवनेजनं पिंडदानं प्रत्यवनेजनार्चनम् ।।**

सुप्राक्ष्य दक्षिणादानं प्रच्छादीपं तु कारयेत् । त्रयोदशैव कर्माणि कर्तव्यानि मनीषिभिः ।।

।। वैतरणी-दान ।।

पूर्वाभिमुख पवित्रिकरण कर त्रिकुश, तिल, जल लेकर वस्त्रादि से सुशोभित गाय पर छिड़के :

ॐ (सवत्स) गव्यै नमः ।। 3।। ब्राह्मण पूजन : **ॐ ब्राह्मणाय नमः ।। 3।।**

तिल, जल लेकर मंत्र पढते हुए ब्राह्मण को दे या कुश पर छिड़के :- **ॐ इमां (सवत्सां) गवीम् ददानि ।।**

ब्राह्मण **ॐ ददस्व** कहकर दान स्वीकार करे ।

दान कर्त्ता गाय को जल से सिक्त कर ये दोनों मंत्र पढ़े :-

ॐ उष्णे वर्षति शीते वा मारुते वाति वा भृशम् । दातारं त्रायते यस्मात् तस्माद् वैतरणी स्मृता ।। 1।।

यमद्वारे महाघोरे कृष्णा वैतरणी नदी । तां सन्तर्तुं ददाम्यनां कृष्णां वैतरणीं च गाम् ।। 2।।

तिल, जल लेकर गो दान करे :

ॐ यमद्वारावस्थित वैतरणी नदी सन्तरणकाम इमां (सवत्सां) गवीम् रुद्रदैवताम् .... गोत्राय .... शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।। (यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय अहं ददे)

ब्राह्मण **ॐ स्वस्ति** कहें । **ॐ तत् सत्** । यजमान गाय को सिक्त करे ।

दक्षिणा : त्रिकुशा, तिल, जल लेकर गोदान की दक्षिणा करे :-

ॐ अद्य कृतैतत् (सवत्स) गवीदान प्रतिष्ठार्थं एतावत् द्रव्यमूल्यकहिरण्यं अग्निदैवतं .....

गोत्राय .... शर्मणे .... ब्राह्मणाय दक्षिणां[1] तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।
(यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय अहं ददे)
ब्राह्मण **ॐ स्वस्ति** कहकर गोपुच्छ पकर कर कामस्तुति पढ़े :-
ॐ को दात् कस्माऽदात् कामो दात् कामायादात् । कामोदाता कामः प्रतिगृहीता कामैतत्ते ।। (वाजसनेयि)
ॐ क इदं कस्माऽदात् कामायादात् ।
कामोदाता कामः प्रतिगृहीता कामः समुद्रमाविशत् कामेन त्वा प्रतिगृह्णामि कामैतत्ते ।। (छन्दोगी)

।। गोमूल्य-दान ।।

पूर्वाभिमुख पवित्रिकरण कर त्रिकुश, फूल, अक्षत द्रव्य-कुश पर छिड़के :-
ॐ एतावद्द्रव्यमूल्यक सवत्स गव्यै नमः ।। 3।। ब्राह्मण पूजन : **ॐ ब्राह्मणाय नमः ।। 3।।**
दान कर्त्ता गो मूल्य द्रव्य व कुश को जल से सिक्त कर दोनों मंत्र पढ़े :-
ॐ उष्णे वर्षति शीते वा मारुते वाति वा भृशम् । दातारं त्रायते यस्मात् तस्माद् वैतरणी स्मृता ।।
यमद्वारे महाघोरे कृष्णा वैतरणी नदी । तां सन्तर्तुं ददाम्यनां कृष्णां वैतरणीं च गाम् ।।

1. दक्षिणाद्रव्याभाव में - ' यद्दीयमान .... दक्षिणां दातुं अहं उत्सृज्ये ' पढ़ें ।

तिल, जल लेकर गो दान करे :
ॐ यमद्वारावस्थित वैतरणी नदी सन्तरणकाम एतावत् द्रव्यमूल्योपकल्पितां सवत्सां गवीम् रुद्र दैवताम् .... गोत्राय .... शर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे ।। (यथानाम गोत्राय ब्राह्मणाय अहं ददे)
ब्राह्मण **'ॐ स्वस्ति'** कहकर स्वीकार करें । **'ॐ तत् सत्'** । गोमूल्य को सिक्त करे ।
दक्षिणा : त्रिकुशा, तिल, जल लेकर गोदान की दक्षिणा करे :-
ॐ अद्य कृतैतत् द्रव्यमूल्योपकल्पित गवीदान प्रतिष्ठार्थं एतावत् द्रव्यमूल्यकहिरण्यं अग्निदैवतं .....गोत्राय ..... शर्मणे ..... ब्राह्मणाय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे।। (यथानामगोत्राय ब्राह्मणाय अहं ददे)

गोदानोत्सर्ग वाक्य में गवीम् पर विद्वानों द्वारा कुछ आक्षेप किया गया जिसका परिहार करना आवश्यक है । गोदान में कोई एक ही शब्द गवी का प्रयोग किया गया है । गाम् रुद्रदैवतां कहने पर दो शब्दरुप हो जाते हैं एक गवी और दूसरा गो । अतः गवी शब्द का ही पूर्ण प्रयोग किया गया है ।

समंत्र दान किये गए सभी वस्तुओं पर मात्र ब्राह्मण का ही अधिकार होता है । प्रायः देखा जा रहा है कि श्राद्ध में किये गए दान वस्तुओं के अतिरिक्त मासिक आदि में भी नाई व माली अपना हिस्सा कहकर लेने लगे हैं जो कि सर्वथा अनुचित है । ऐसी परिस्थिति में ब्राह्मण, यजमान और नाई आदि सभी दोषी हैं । नाई आदि के लिए अतिरिक्त पारिश्रमिक की व्यवस्था यजमान को करना चाहिए और श्राद्ध एवं दान की सभी वस्तुएं ब्राह्मण को ही देना चाहिए ।

।। अशौच निर्णय ।।

शुद्धयेद्विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः । वैश्यः पंचदशाहेन शूद्रो मासेन शुद्धयति ।। कूर्मपुराण
सर्वेषामेव वर्णानां सूतके मृतके तथा । दशाहाच्छुद्धिरेतेषामिति शातातपोब्रतीत् ।। अंगिरा
सन्ध्या दानं जपं होमं स्वाध्यायं पितृतर्पणं । ब्रह्मभोज्यं व्रतं नैव कर्तव्यं मृतसूतके ।। गरुड़पुराण

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं ।

इन चारों वर्णों की अशौच निवृत्ति क्रमशः - 10, 12, 15 और 30 दिनों में होती है ।

जन्म से छह माह तक - सद्यः शौच एवं मृत शरीर का भूमि-निक्षेप :- चारों वर्णों के लिए ।

7 माह से 2 वर्ष तक क्रमशः 1, 2, 3 और 5 दिन में ब्राह्मणादि चारों वर्णों की शुद्धि व मृतशरीर का भूमि-निक्षेप।

3 - 6 वर्ष तक - 3, 6, 9 व 5 दिन में :- क्रमशः ब्राह्मणादि चारों वर्णों की शुद्धि । अग्नि-संस्कार व पिण्डोदक क्रिया।

6 वर्ष से अधिक का चारों वर्णों में वर्णानुसार सम्पूर्ण अशौच, अग्नि-संस्कार व श्राद्ध ।

कन्यामरण में चारों वर्णों का जन्म से 2 वर्षों तक सद्यः शौच व भूमि - निक्षेप ।

2 वर्ष से विवाह पर्यन्त चारों वर्णों की 3 दिनों में शुद्धि व पिण्डोदक क्रिया ।

कन्या के विवाहोपरान्त माता-पिता की 3 दिनों में शुद्धि । पति के घर में वर्णानुसार अशौच एवं श्राद्ध ।

मृत दिवस निर्धारण हेतु दिन की गिनती सूर्योदय से सूर्योदय तक की जाती है ।

प्रथम अशौच के पूर्वार्द्ध (5, 6, 7 व 15 दिन तक : चारों वर्णों का क्रमशः) में द्वितीय अशौच होने पर पहले अशौच से शुद्धि एवं उत्तरार्द्ध (6, 7, 8 व 16 से 9, 11, 14 व 29 दिनों तक; चारों वर्णों का क्रमशः) में द्वितीय अशौच होने पर द्वितीय अशौच से शुद्धि ।

क्षौरकर्म के दिन 56 दण्ड तक अर्थात् अगले सूर्योदय से 1 घंटा 36 मिनट पहले तक द्वितीय अशौच होने पर पुनः 3 दिनों में शुद्धि ।

क्षौर कर्म के दिन 56 दण्ड के बाद (अगले दिन के सूर्योदय के 1 घंटा 36 मिनट पहले से) सूर्योदय तक द्वितीय अशौच होने पर पुनः अगले चार दिनों में शुद्धि । सूर्योदय के बाद अर्थात् एकादशाह के दिन सूर्योदय होने के बाद द्वितीय अशौच होने पर सम्पूर्णाशौच विधि से निवृत्ति होगी।

आद्यश्राद्ध का संकल्प (पाकारम्भ) हो जाने के बाद व मासिक-सपिण्डनादि के संकल्प से पूर्व द्वितीय अशौच होने पर आद्यादि संकल्पित श्राद्ध तो होंगे पर असंकल्पित श्राद्ध नहीं होगा । पुनः पूर्ण अशौचोपरांत दूसरे मृतक के एकादशाह दिन पहले मृतक का शेष मासिकादि व सपिण्डनश्राद्ध होगा ।

सम्पूर्णाशौच में त्रिरात्राशौच की व मरणाशौच में जननाशौच की मान्यता नहीं होती है ।

त्रिरात्राशौच के मध्य में द्वितीय त्रिरात्राशौच होने पर दूसरे त्रिरात्राशौच से शुद्धि होती है ।

येषु स्थानेषु यच्छौचं धर्माचारश्च यः स्मृतः । तत्र तावन्नावमन्येत धर्मस्तत्रैव तादृशः ।। मरीचि

जननाशौच

सूतके तु मुखंदृष्ट्वा जातस्यजनकस्ततः । कृत्वासचैलं स्नानन्तु शुद्धोभवति तत्क्षणः ।। आदित्यपुराण
जननाशौच में माता दश दिन में और पिता सचैल (वस्त्र सहित) स्नान करने मात्र से तत्क्षण ही शुद्ध हो जाता है । माता के अतिरिक्त अन्य किसी को जननाशौच नहीं होता है। व्यवहार से भी यही सिद्ध होता है । सूतक होने पर चाहे जितने ही दिन में करे सारी क्रियायें व शुद्धिकरण माता ही करती है । प्रसूता स्पर्श करने वाले व प्रसूतिगृह में प्रवेश करने वालों को भी शुद्धि करना परता है । पर अन्य कोई तो सूतकांत अर्थात् दशवें दिन शुद्धिकरण नहीं करते हैं । शुद्धिकरण से तात्पर्य क्षौरादि है । क्षौरादि की तो बात ही क्या है यज्ञोपवीतादि भी नहीं बदला जाता है । इससे स्पष्टतया सिद्ध हो जाता है कि व्यवहार से भी माता मात्र के लिए ही सूतक मान्य होता है। तथापि इस प्रमाणिक तथ्य एवं व्यवहार को असिद्ध करने के लिए कतिपय व्यक्ति यज्ञोपवीत बदलना आरंभ कर चुके हैं पर क्षौरकर्म को स्वीकार नहीं करते । पुनः सिद्ध होता है कि - यदि सूतक होता है तो सूतकान्त में क्षौरादि कृत्य पूर्वक सूतक की निवृत्ति करना चाहिए । यदि नहीं करते हैं तो इसका तात्पर्य यही है कि सूतक (जननाशौच) मात्र मातृ परक ही है, कुलादिपरक नहीं ।

मरणादेव कर्तव्यं संयोगो यस्य नाग्निना । दाहादूर्ध्वमशौचं स्याद् यस्य वैतानिकोविधिः ।। शातातप
जो अग्निहोत्री नहीं हैं उनके अशौच की गणना मृत्युदिन से तथा अग्निहोत्री की दाहदिवस से करनी चाहिए ।

।। दाह-संस्कार ।।

शव-दाहकर्त्ता स्नानादि कर नवीन श्वेत-वस्त्र-यज्ञोपवीत-कटिसूत्र-उत्तरीयवस्त्र आदि धारण कर ले । मृतक को दक्षिणाभिमुख बैठाकर स्वयं पूर्वाभिमुख होकर एक नये मिट्टी के पात्र में जल लेकर त्रिकुशा से जलपात्र में तीर्थों का आवाहन इन मंत्रों से करे :-

ॐ गयादीनि च तीर्थानि ये च पुण्याः शिलोच्चयाः । कुरुक्षेत्रं च गंगां च यमुनां च सरिद्वराम् ।।
कौशिकीं चन्द्रभागां च सर्वपाप प्रणाशिनीम् । भद्रावकाशां सरयूं गण्डकीं तमसां तथा ।।
धैनवं च वराहं च तीर्थं पिण्डारकं तथा । पृथिव्यां यानि तीर्थानि चतुरः सागरांस्तथा ।।

तीर्थावाहित जल एवं अन्य जल से मृतक को अच्छी तरह स्नान कराकर नवीन वस्त्र-यज्ञोपवीत-चंदन-गंगौट-फूल-माला आदि पहना दे । चिता पर कुश बिछाकर उत्तर सिरहाना कर मृतक को सुला दे । दक्षिणाभिमुख अपसव्य होकर बांये हाथ में जलता हुआ अंगारा लेकर नीचे का दोनों मंत्र पढ़ते हुए चिता की तीन बार परिक्रमा करे :-

ॐ कृत्वा सुदुष्करं कर्म जानता वाप्यजानता । मृत्युकालवशं प्राप्तं नरं पंचत्वमागतम् ।। 1।।
धर्माधर्म समायुक्तं लोभमोह समावृतम् । दहेयंसर्वगात्राणि दिव्यान्लोकान् स गच्छतु ।। 2।।

चाण्डालाग्निरेध्याग्निः सूतिकाश्च कर्हिचित् । पतिताग्निश्चिताग्निश्च न शिष्टग्रहणोचितम् ।। देवल
अतः दाहाग्नि स्वयं ही प्रज्वलित करना चाहिए, किसी से लेना ही नहीं चाहिए । बहुत जगह डोम से अग्नि लेने की परम्परा देखी जा रही है, जो कि शास्त्रानुमोदित नहीं है ।

तीन बार चिता की परिक्रमा करके मुखाग्नि प्रदान करे । फिर अनेक पवित्र वस्तुओं लकड़ी, रूई, घी, धूप, धूना कपूर, चन्दन, लकड़ी आदि का अग्नि में प्रक्षेप करते हुए शवदाह करे । जब जलते हुए शव का कपोत (कबूतर) आकार का अवशेष बचे तो चिता की सात बार परिक्रमा करते हुए प्रादेश-प्रमाण सात लकड़ी इस मंत्र से चिता में प्रक्षेप करे :-

ॐ क्रव्यादाय नमस्तुभ्यं ।।

गंगा तट पर शवदाह करने वाले समस्त अस्थि व चिता-भस्मादि का गंगा में तत्क्षण ही उत्सर्जन कर देते है । लेकिन गंगातट से दूरस्थ समाज में अन्यत्र शवदाह होता है जहां चौथे दिन अस्थिसंचय कर अस्थि का गंगा-प्रवाह किया जाता है । कटिहारी गए हुए सभी व्यक्ति जलाशय में आकर वस्त्र-सहित एक डुबकी लगा ले । शरीर पोंछे बिना ही दक्षिणाभिमुख-अपसव्य होकर बांए हाथ के अनामिका व अंगूठा से दक्षिण-दिशा में निम्न मंत्र से जल प्रदान करे :-

ॐ अपनः शोशुचदघम् ।।

फिर सभी व्यक्ति मोड़ा, तिल, जल लेकर इस मंत्र से मृतात्मा को तिलांजलि प्रदान करें -

ॐ अद्य ...... गोत्र .... प्रेत एष तिलतोयांजलिः ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

तिलांजलि देकर चिताभूमि से घर को प्रस्थान करे । मृतव्यक्ति के घर पर आकर निम्न मंत्रों को पढ़ कर क्रमशः लोहा, पत्थर आग और जल स्पर्श करे :-

ॐ लौहवद् दृढ़कायोस्तु ।। लोहा ।

ॐ अश्मेव स्थिरो भूयासम्।। पत्थर ।

ॐ अग्निर्नः शर्म यच्छतु।। आग ।

तत्पश्चात् बिना मंत्र के ही जल छूकर सभी अपने घर को प्रस्थान करे ।

स्नानादिकोपरांत दशगात्र पिण्डदान की विधि गंगातट पर शवदाह करने वाले वहीं प्रारम्भ कर देते हैं । अतः मृतक के मृत्यु दिवस से गिनते हुए दाह दिवस तक के पिण्ड-दान करना चाहिए । विशेषतः एक ही दिन में दाह-क्रिया होती है अतः एक ही पिण्ड दिया जाता है पर रात्रिमरण होने पर दो दिन की मान्यता से दो पिण्ड देना चाहिए। जन्म-मृत्यु में सूर्योदय से सूर्योदयपर्यन्त 1 दिन माना जाता है । अन्यत्र उषाकालादि का प्रमाण व्रतादिपरक है ।

तस्मात्त्रिधेयमाकाशे दशरात्रं पयस्तथा । सर्वथा तापशान्त्यर्थमध्वश्रमविनाशनम् ।। मत्यस्यपुराण

पंचक-दाह, पर्णरदाह, पंचक-मरण-शान्ति, अस्थिसंचय विधि, सांवत्सरिक-एकोदिष्ट विधि, पंचसूक्त आदि प्रस्तुत संस्करण में सम्मिलित नहीं किया गया है जिसे आगामी संस्करण में सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा । वृषोत्सर्ग वर्त्तमान युगानुकूल नहीं होने के कारण समाहित नहीं किया जा सकेगा ।

।। घटदान-विधि ।।

द्वार, पीपलवृक्ष आदि जगहों पर कुलाचार से घटदान करना चाहिए । शवदाहकर्ता पवित्र होकर दक्षिणाभिमुख-अपसव्य मोड़ा, तिल, जल लेकर संकल्प करे -

ॐ अद्य ...... गोत्रस्य ...... पितुः .... प्रेतस्य सर्वपाप प्रशान्त्यध्व श्रम विनाश कामः अद्यादि दशरात्रं यावत् आकाशाधिकरणक जलदानमहं करिष्ये ।।

इसी जगह संध्याकाल में दुग्धादि भी दिया जाता है । सायंकाल घट के नीचे गाय के गोबर से चौका लगा कर पवित्र हो जाय । दीप, अगरबत्ती जला कर दक्षिणाभिमुख अपसव्य हो जाय । तीन लकड़ी पर तीन पीपल का पत्ता रखे, एक में जल दूसरे में गाय का दूध व तीसरे पत्ते पर फूल-माला रखे वहीं धूप, दीप आदि भी जला ले । बांया जांघ गिराकर बैठे। मोड़ा, तिल, जल लेकर सभी वस्तु का उत्सर्ग करते हुए सभी वस्तुएं (धूप-दीप छोड़कर) घट में अर्पित करे -

जल :- **ॐ अस्यां सन्ध्यायां .... गोत्र .... पितः .... प्रेत इदं जलं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् । अत्र स्नाहि ।।**

जल वाले पात्र को बांये हाथ में लेकर मंत्र से उत्सर्ग करके दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से जल घट में दे ।

दूध :- **ॐ अस्यां सन्ध्यायां ...... गोत्र .... पितः .... प्रेत इदं दुग्धं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् । इदं दुग्धं पिब ।।**

दूध वाले पात्र को बांये हाथ में लेकर उत्सर्ग करते हुए दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से दूध घट में दे दे ।

माला :- **ॐ अस्यां सन्ध्यायां .... गोत्र .... पितः ..... प्रेत इदं माल्यं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् । इदं माल्यं परिधेहि ।।**

माला पर तिल, जल छींट कर माला घट में पहना दे ।

दीप :- **ॐ अस्यां सन्ध्यायां .... गोत्र .... पितः .... प्रेत इदं दीपं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् । अनेन पश्य ।।**

।। दशगात्र-पिण्डदान ।।

शिरस्त्वाद्येन पिण्डेन प्रेतस्य क्रियते सदा । द्वितीयेन तु कर्णाक्षिनासिकाश्च समासतः ।।
गलांसभुजवक्षांसि तृतीयेन यथाक्रमात् । चतुर्थेन तु पिण्डेन नाभिलिंगगुदानि च ।।
जानुजंघे तथा पादौ पंचमेन तु सर्वदा । सर्वमर्माणि षष्ठेन सप्तमेन तु नाडयः ।।
दन्तलोमाद्यष्टमेन वीर्यं तु नवमेन च । दशमेन तु पूर्णत्वं तृप्तता क्षुद्विपर्ययः ।।

प्रथम-पिण्ड-दान

पिण्डदाता स्नान कर श्वेत वस्त्र धारण करे । मिट्टी के नए बर्तन में पाककर्म कर ले । बालु की दक्षिणप्लव वेदी

बना कर वेदी पर दक्षिणाग्र तीन कुश रख दे । अगरबत्ती, धूप, दीप जला ले । पवित्रीकरण करके अपसव्य-दक्षिणाभिमुख होकर एक पीपल के पुड़े में तिल, चंदन, जल देकर बांये हाथ में ले ले । बायां जंघा गिराकर बैठते हुए दाहिने हाथ में मोड़ा, तिल, जल लेकर अत्रावन का उत्सर्ग करे :-

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत (...... गोत्रे मातः ...... प्रेते) अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

अत्रावन का उत्सर्ग करके पितृतीर्थ से कुछ जल वेदी के कुशों पर गिरावे व कुछ जल शेष रखकर अपने बांए भाग में प्रत्यवन वास्ते पूड़ा रख ले - वाजसनेयी (छन्दोगी का प्रत्यवन अलग पुड़े से होता है)। भात में तिल, मधु, घी, दुग्धादि मिलाकर बिल्वाकार पिण्ड बना कर बांए हाथ में ले ले, दाहिने हाथ में मोड़ा-तिल-जल लेकर पिण्डोत्सर्ग करे :

ॐ अद्य ..... गोत्र पितः..... प्रेत एष शिरःपूरकःप्रथमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पिण्डोत्सर्ग कर वेदी के कुशों पर दोनों हाथ से पिण्ड प्रदान करे ।

फिर वाजसनेयी अत्रावन का अवशेष जल प्रत्यवन रूप में दे और छन्दोगी नये पूड़े में तिल, जल, चंदन, फूल दे बाएं हाथ में लेकर दाहिने हाथ में मोड़ा-तिल-जल लेकर उत्सर्ग करे :

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

प्रत्यवन का उत्सर्ग कर जल पिण्ड पर देकर बिना मंत्र के पिण्ड पूजनार्थ :- चंदन, फूल, धूप, दीप, केला, पान, सुपारी, दूध, जल उनी धागा आदि पिण्ड पर चढ़ावे । फिर मोड़ा, तिल, जल लेकर मंत्र पढ़ते हुए पिण्ड के उत्तर भाग में एक बार गिरावे :

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत एष तिलतोयांजलिस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पीपल के एक पूड़े में तिल, जल लेकर उत्सर्ग करके पिण्ड के उत्तर भाग में रखे :-

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत इदं तिलतोयपात्रं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

(छन्दोगी में विशेषता ये है कि अत्रावनादि के उपरांत **जलस्पर्श** कर ले)।

दक्षिणा :- त्रिकुश, तिल, जल लेकर दक्षिणा करे :-

ॐ अद्य ...... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य (..... गोत्राया मातुः ...... प्रेतायाः) कृतैतत् शिरः पूरक प्रथम पिण्डदान प्रतिष्ठार्थम् एतावत् (यद्दीयमान) द्रव्यमूल्यकं रजतं चन्द्रदैवतं ...... गोत्राय ...... शर्मणे ब्राह्मणायदक्षिणां अहं ददे ।। (दातुमहमुत्सृज्ये)

ग्रहणकर्ता ब्राह्मण **'ॐ स्वस्ति'** कह कर दक्षिणा ले लेवें । पिण्डादि सभी वस्तु जल में प्रवाहित कर दें । इसी तरह प्रतिदिन एक-एक पिण्ड-दान करना चाहिए । अत्रावन एवं प्रत्यवन मंत्रों में परिवर्तन नहीं होगा । पिण्डदान और दक्षिणा के मंत्रों में अंग एवं दिन वाचक दो परिवर्तन होगा । तिलतोयांजलि और तिलतोयपात्र के मंत्रों में विशेष अंतर होगा यह ध्यान रखें । इस प्रकार कुल 55 तिलतोयांजलि और तिलतोयपात्र देना चाहिए ।

द्वितीयादि पिण्डदान के मंत्र निर्देश पूर्वक संक्षिप्त रूप से दिये जा रहे हैं :-

द्वितीय-पिण्ड-दान

प्रथम दिन के तरह ही दूसरे दिन भी अत्रावन-पिण्डदान व प्रत्यवन प्रदान कर दो तिलतोयांजलि देकर दो तिलतोयपात्र प्रदान करे :

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य ..... गोत्र ...... कर्णाक्षिनासापूरकःएष द्वितीयःपिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

दो तिलतोयांजलि- **ॐ अद्य .... एतौ द्वौ तिल-तोयांजली ते मया दीयेते तवोपतिष्ठेताम् ।।**

दो तिलतोयपात्र - **ॐ अद्य .... एते द्वे तिलतोयपात्रे ते मया दीयेते तवोपतिष्ठेताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य .... कृतैतत् कर्णाक्षिनासापूरक द्वितीय पिण्डदान प्रतिष्ठार्थम् ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

तृतीय-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... गलांसभुजवक्षःपूरकः एष तृतीयः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

तीन तिलतोयांजलि-**ॐ अद्य .... एते त्रयः तिलतोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

तीन तिलतोयपात्र -**ॐ अद्य .... एतानि त्रीणि-तिलतोय-पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् गलांसभुजवक्षः पूरक तृतीयपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

चतुर्थ-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य ....अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... नाभिलिंगगुद-पूरक एष चतुर्थः पिण्डस्ते मया दीयतेतवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य ....अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

चार तिलतोयांजलि-**ॐ अद्य .... एते चत्वारः तिलतोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

चार तिलतोयपात्र -**ॐ अद्य .... एतानि चत्वारि तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् नाभिलिंगगुदपूरक चतुर्थपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

पंचम-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य ....अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... जानुजंघापाद-पूरक एष पंचमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पांच तिलतोयांजलि - **ॐ अद्य .... एते पंचतिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

पांच तिलतोयपात्र - **ॐ अद्य .... एतानि पंचतिलतोय-पात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् जानुजंघापादपूरक पंचमपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

षष्ठ-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य ...... सर्वमर्म पूरक एष षष्ठः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

छः तिलतोयांजलि-**ॐ अद्य .... एते षट् तिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

छः तिलतोयपात्र - **ॐ अद्य ...... एतानि षट् तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् सर्वमर्मपूरक षष्ठपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

सप्तम-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... सर्वनाड़ी पूरक एष सप्तमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

सात तिलतोयांजलि -**ॐ अद्य ..... एते सप्त तिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

सात तिलतोयपात्र-**ॐ अद्य ..... एतानि सप्त तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् सर्वनाड़ीपूरक सप्तमपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

अष्टम-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... नख-दन्त-लोमादि पूरक एष अष्टमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

आठ तिलतोयांजलि-**ॐ अद्य...... एते अष्ट-तिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

आठ तिलतोयपात्र -**ॐ अद्य.....एतानि अष्ट तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् नखदन्तलोमादिपूरक अष्टमपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं...... दक्षिणां अहं ददे।।**

नवम-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... वीर्य पूरक एष नवमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

नौ तिलतोयांजलि -**ॐ अद्य ...... एते नव तिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

नौ तिलतोयपात्र - **ॐ अद्य.......एतानि नव तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य ...... कृतैतत् वीर्यपूरक नवमपिण्डदान प्रतिष्ठार्थं ...... दक्षिणां अहं ददे ।।**

दशम-पिण्ड-दान

अत्रावन - **ॐ अद्य .... अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

पिण्ड - **ॐ अद्य .... पूर्णत्व-तृप्तता-क्षुद्विपर्यय-पूरक एष दशमः पिण्डस्ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

प्रत्यवन - **ॐ अद्य .... अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।**

दश तिलतोयांजलि -**ॐ अद्य .... एते दश तिल-तोयांजलयः ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

दश तिलतोयपात्र -**ॐ अद्य ...... एतानि दश तिलतोयपात्राणि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम्।।**

दक्षिणा - **ॐ अद्य .... कृतैतत् पूर्णत्वतृप्तताक्षुद्विपर्यय पूरक दशम पिण्डदान प्रतिष्ठार्थं .... दक्षिणामहं ददे ।।**

दशगात्र पिण्डदान में अशौच वृद्धि होने पर नौ पिण्ड-दान करके ; दशवां पिण्ड क्षौर दिन देने का शास्त्रीय विधान है । त्रिरात्राशौच में क्रमशः 3, 4 और 3 पिण्ड देते हुए तीन दिन में ही 10 पिण्ड देना चाहिए। सद्यःशौच में दशो पिण्ड स्नान के बाद ही दे देना चाहिए । क्षत्रियादि वर्णों को नौ पिण्ड प्रतिदिन देकर दशवां पिण्ड क्षौर कर्म के दिन देना चाहिए ।

तैल खल्ली :- **ॐ अद्य .... गोत्र .... प्रेत इमे तैलखल्ली ते मया दीयेते तवोपतिष्ठेताम् ।।**

सौरि-सूर्य-कुज वार क्षौर दोष शान्ति मंत्र :-

ॐ केशवमानर्त्तपुरं पाटलीपुत्रपुरीमहीक्षत्राम् । दितिमदितिं स्मरतां क्षौरकर्मसु भवति कल्याणम् ।।

हिन्दी/संस्कृत	प्रथमा	सम्बोधन	चतुर्थी	षष्ठी	सपिण्डन		
पिता/पितृ	पिता	पितः	पित्रे	पितुः	पितामह	प्रपितामह	वृद्धप्रपितामह
माता/मातृ	माता	मातः	मात्रे	मातुः	पिता/पितामही	पितामह/प्रपितामही	प्रपितामह/वृद्धप्रपिता0
चाचा/पितृव्यः	पितृव्यः	पितृव्य	पितृव्याय	पितृव्यस्य	पितामह	प्रपितामह	वृद्धप्रपितामह
बाबा/पितामहः	पितामहः	पितामह	पितामहाय	पितामहस्य	प्रपितामह	वृद्धप्रपितामह	अतिवृद्धप्रपितामह
मामा/पितामही	पितामही	पितामहि	पितामह्यै	पितामह्याः	पितामह	प्रपितामह	वृद्धप्रपितामह
भाई/भ्रातृ	भ्राता	भ्रातः	भ्रात्रे	भ्रातुः	पिता	पितामह	प्रपितामह
गुरु/गुरुः	गुरुः	गुरो	गुरवे	गुरोः	परगुरु	परमगुरु	वृद्धपरमगुरु
पति/पतिः	पतिः	पते	पत्ये	पत्युः	श्वशुर	प्रश्वशुर	वृद्धप्रश्वशुर
पत्नी/पत्नी	पत्नी	पत्नि	पत्न्यै	पत्न्याः	माता	पितामही	प्रपितामही
भतीजा/भ्रातृज्यः	भ्रातृज्यः	भ्रातृज्य	भतृज्याय	भ्रातृज्यस्य	पिता	पितामह	प्रपितामह
चचेराभाई/पितृव्यपुत्रः	पितृव्यपुत्रः	पितृव्यपुत्र	पितृव्यपुत्राय	पितृव्यपुत्रस्य	पितृव्य	पितामह	प्रपितामह

चाची-पितृव्यपत्नी, साला-श्यालः, साली-श्याली, साढ़ू-श्यालीबोढः, मौसी-मातृष्वसृ, मौसा-मातृष्वसृपति, फुआ-पितृष्वसृ, फूफा-पितृष्वसृपति, बहन-स्वसृ, बहनोई-आवुत्तः, सौतेली मां-विमातृ, सौतेला भाई-वैमात्रेयः, भाभी-प्रजावती, पुत्रवधू-स्नुषा

जब मृतक और कर्त्ता के मध्य कोई ऐसा संबंध हो कि सपिण्डन में मृतक के पिता, पितामहादि वास्ते प्रत्यक्ष संबोधन न मिले तो प्रेतपिता, प्रेतपितामह और प्रेतप्रपितामहादि शब्द का प्रयोग करना चाहिए ।

श्राद्ध जिज्ञासा

प्रश्न 1. माता की मृत्यु के बाद अशौच मध्य में पिता की भी मृत्यु होने पर अशौच, श्राद्धक्रिया का क्रम एवं सपिण्डन विधान कैसे होना चाहिए ?

उत्तर :- पितृ-प्रधानता हो जाएगी व पिता के अशौच से शुद्धि होगी साथ ही श्राद्ध क्रिया का क्रम पितृ-मातृ होकर एक ही साथ होगी। माता का सपिण्डन पितादिकों के साथ होगा । अर्थात् पिता का सपिण्डन पहले और माता का सपिण्डन बाद में होगा । यदि पिता की मृत्यु के बाद अशौच मध्य में ही माता की मृत्यु होती है तो सम्पूर्ण अशौचोपरांत पक्षिणी (ढ़ाई दिन) अधिक अशौच होगा।

मातर्यग्रे प्रमीतायामशुद्धौ म्रियतेपिता। पितुःशेषेणशुद्धिः स्यान्मातुः कुर्याच्च पक्षिणीम् ।। शंख

प्रश्न 2. माता का सपिण्डन पिता के जीवित व मृत में किनके-किनके साथ होना चाहिए ?

उत्तर :- पिता के जीवित रहने पर माता का सपिण्डन पितामह्यादि से और पिता के मृत रहने पर पिता-पितामहादि से होना चाहिए ।

प्रश्न 3. अशौच वृद्धि होने में दशगात्र पिण्डदान का क्या विधान है ?

उत्तर :- अशौच वृद्धि होने पर नौ पिण्ड प्रतिदिन देना चाहिए, पर दशवां पिण्ड क्षौर दिन देने का विधान है।

प्रश्न 4. क्या श्राद्ध करने से मृतात्मा को स्वर्गलोक की प्राप्ति होती है ?

उत्तर :- नहीं, श्राद्ध करने से मृतात्मा को प्रेतत्व से मुक्ति मिलती है ।

प्रश्न 5. एकादशाह को ब्राह्मण (ग्राम-पुरोहित को) भोजन करना चाहिए या नहीं ?
उत्तर :- अधिकतर ब्राह्मण (ग्राम-पुरोहित) भोजन द्वादशाह को होते देखा जाता है । कारण कि पुरोहित-भोज देव-निमित्तक होता है । एकादशाह को विश्वेदेवश्राद्ध नहीं होता है बल्कि सपिण्डन श्राद्ध में विश्वेदेवश्राद्ध होता है । इस कारण द्वादशाह को पुरोहित-भोज आवश्यक हो जाता है । अतः एकादशाह को पुरोहित-भोजन कराने पर भी द्वादशाह को भी अवश्य ही कराना चाहिए । पर यदि एकादशाह को भी कराया जाय तो वर्जित नहीं माना जाएगा । कारण कि श्राद्ध भोजी ब्राह्मण तो श्राद्ध-स्थला में ही भोजन कर लेते हैं, एवं एकादशाह के श्राद्ध-भोजन का जो दोष कहा गया है वो उन्हीं के निमित्त है न कि पुरोहित-भोज परक । तथापि पुरोहित-भोज द्वादशाह के दिन गणेश पूजनोपरांत ही अधिक उचित है । अतः पुरोहित-भोज द्वादशाह को तो होना ही चाहिए साथ-साथ यदि एकादशाह को भी हो तो कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन इसके विपरीत यदि किसी कारणवश एकादशाह को ही करते हैं और द्वादशाह को नहीं तो भोजी और ब्राह्मण दोनों ही दोषी होते हैं ।
प्रश्न 6. आद्यश्राद्ध में दक्षिणापूर्व गोदान का क्या कारण है ?
उत्तर :- यज्ञान्त में गोदान का विधान होने के कारण पंचदान का गोदान ही आद्यश्राद्ध में दक्षिणा से पूर्व किया जाता है। तथापि यदि यही कारण है तो वर्त्तमान समय में श्राद्धारम्भ पूर्व पंचदान प्रकरण में ही करना चाहिए । यज्ञान्त में गोदान की स्वीकार्यता होने पर तो सपिण्डनोपरांत गोदान करना उचित होगा ।
प्रश्न 7. पंचधेनु के क्या नाम हैं ?

उत्तर :- पंचधेनु के नाम निम्न हैं : 1. ऋणापनोद , 2. पापापनोद, 3. उत्क्रान्ति, 4. वैतरणी और 5. मोक्ष धेनु ।
प्रश्न 8. क्या बिल्व वृक्ष के निकट श्राद्ध नहीं करना चाहिए ?
उत्तर :- श्राद्ध में पिण्डपूजन के लिए बिल्वपत्र का निषेध है । बिल्व वृक्ष के निकट श्राद्ध करना प्रशस्त है। अतः बिल्ववृक्ष की छाया में श्राद्ध करना शास्त्रसम्मत ही है ।
प्रश्न 9. पंचदान क्या है ?
उत्तर :- पंचदान है - 1. शय्या, 2. काञ्चनपुरुष, 3. गाय, 4. छाता और 5. जूता ।
प्रश्न 10. अनेक पुत्रों में से षोडश श्राद्ध किसे करना चाहिए ?
उत्तर :- अनेक पुत्रों में से ज्येष्ठ पुत्र को ही षोडश श्राद्ध करने का अधिकार है । ज्येष्ठ पुत्र के अशक्तावस्था में या अभाव (विदेशगतादि) होने पर अन्य पुत्र भी कर सकते हैं ।
प्रश्न 11. प्रेतकर्म में 18 वर्जित क्या-क्या है ?
उत्तर :- प्रेतकर्म में 18 वर्जित इस प्रकार है :- 1.आशीः कथन, 2.द्विगुणित दर्भ, 3.जप, 4.आशीर्वाद, 5.स्वस्तिवाचन 6.पितृपद, 7.संबंधवाचक अस्मत्, 8.शर्मादि, 9.भोजनपात्र स्पर्श, 10.अवगाहन, 11.उल्मुक, 12.उल्लेखन, 13.तृप्तिप्रश्न 14.विकिरपिंद, 15.शेषान्न विषयक प्रश्न, 16.प्रदक्षिणा, 17.विसर्जन और 18.सीमान्तगमन ।
प्रश्न 11. श्राद्ध की 13 क्रिया क्या है ?
उत्तर :- पाद्य, अर्घ, आसन, सविधि अर्घ्यदान, अर्चन, भोजन, अवनेजन, पिंड, प्रत्यवनेजन, अर्चन, प्रोक्षन, दक्षिणा और पृच्छा।

।। संध्या विधि ।।

संध्याहीनोऽशुचिर्नित्यमनर्हः सर्वकर्मसु । यदन्यत्कुरुते कर्म न तस्य फलभाग्भवेत् ।।

आचमन :- **1. ॐ केशवाय नमः, ॐ माधवाय नमः, ॐ नारायणाय नमः ।**

तीन आचमन करके अँगूठे के मूल से ओठ पोछकर निम्न मंत्र से हाथ धोये : **ॐ हृषीकेशाय नमः ।**

पवित्रीकरण :- जल लेकर शरीर एवं पूजनोपकरणों पर पर छिड़कें :

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपि वा । यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याऽभ्यंतरः शुचिः।।
पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।। ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।।

आसनशुद्धि : **ॐ पृथ्वी त्वया धृतालोका देवी त्वं विष्णुनाधृता। त्वं च धारय मां नित्यं पवित्रंकुरु चासनम्।।**

आचमन

विनियोग : **ऋतंचेति माधुच्छन्दसोऽघमर्षण ऋषिरनुष्टुप्छन्दो भाववृत्तं दैवतमपामुपस्पर्शने विनियोगः।।**

आचमन : **ॐ ऋतं च सत्यं चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समद्रो अर्णवः। समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत । अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी । सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत् । दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्षमथो स्वः ।।**

प्राणायाम

तीन बार गायत्री मंत्र पढकर अपने शरीर के चारों ओर जल छिड़क कर विनियोग करेः-

विनियोग :- **ॐ कारस्य ब्रह्मा ऋषिर्दैवी गायत्री छन्दः परमात्मादेवता, सप्तव्याहृतीनां प्रजापतिर्ऋषिः गायत्र्युष्णिगनुष्टुब्बृहतीपङ्क्ति त्रिष्टुब्जगत्यश्छन्दांस्यग्निवाय्वादित्य बृहस्पतिवरुणेन्द्रविष्णवो देवता तत्सवितुरिति विश्वामित्र ऋषिर्गायत्री छन्दः सविता देवता, आपो ज्योतिरिति शिरसः प्रजापतिः ऋषिर्यजुश्छन्दो ब्रह्माग्निवायुसूर्या देवताः प्राणायामे विनियोगः ।।**

प्राणायाम करते हुए यह मंत्र जपे : **ॐ भूः ॐ भुवः ॐ स्वः ॐ महः ॐ जनः ॐ तपः ॐ सत्यम् ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।। ॐ आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरोम्।।**

आचमन

भोजन :- त्रिकुश, जौ, जल लेकर मंत्र पढ़ते हुए विश्वेदेवान्न का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्रस्य पितुः ...... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणांपितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां सम्बन्धिनो विश्वेदेवा इदमन्नं सोपकरणं वो नमः ।।

(इसके बाद पितृश्राद्ध वेदी के पास बैठे)

आसन :- हाथ-पैर धोकर प्रेत श्राद्ध-स्थान में दक्षि0 अप0, पातितवानजानु होकर मोड़ा, तिल, जल ले प्रेतासन का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत (...... गोत्रे मातः .... प्रेते) इदं आसनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

प्रेतासन दानान्तर तीन मोड़ा, तिल, जल लेकर पितामह, प्रपितामह एवं वृद्ध प्रपितामहों के आसनों का भी उत्सर्ग करे-

ॐ अद्य ...... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः ...... शर्माणः इमानि आसनानि वः स्वधा ।। (मातृश्राद्ध जीवितपितृ- **..... गोत्राः पितामही-प्रपितामही-वृद्धप्रपितामह्यः .... देव्यः)**

तिल, जल पश्चिम से पूर्व आसनों पर क्रमिक रूप से छीटे ।

आवाहन :- पितरों के निमित पढे -

ॐ पितॄन् अहम् आवाहयिष्ये,

उशन्तस्त्वा निधीमह्युशन्तः समिधीमहि । उशन्नुशत आवह पितॄन् हविषे अत्तवे ।।

तिलविकिरण :- ॐ अपहता असुरारक्षा ँ सि वेदिषदः।। पितामहादि तीनों के भोजनपात्र पर तिल छिड़के।

ॐ आयन्तु नः पितरः सोम्यासो ऽअग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः ।

अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तो ऽधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ।।

अर्घ्यस्थापन :- चारों अर्घ्यपुटकों में पवित्री देकर इन दोनों मंत्रों से जल व तिल दें :-

ॐ शन्नो देवीरभिष्टय ऽआपो भवन्तु पीतये । शंय्योरभिस्रवन्तु नः ।। (जल)

ॐ तिलोऽसि सोमदेवत्यो गोसवो देवनिर्मितः ।

प्रत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितॄन् लोकान् प्रीणाहि नः स्वाहा ।। (तिल)। फूल, चन्दन भी दे दें।

अर्घ्याभिमंत्रण :- प्रेतार्घपूड़ा को बाएं हाथ में लेकर उससे पैंता/कुश निकाल कर प्रेत भोजनपात्र पर दक्षिणाग्र रख जल से सिक्त करें । पुनः पूड़ा को दाहिने हाथ से ढंककर यह मंत्र पढ़े :-

ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्बभूवुर्या आन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः ।

हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः श ँ स्योनाः सुहवा भवन्तु ।।

अर्घ्य :- मोड़ा, तिल, जल ले प्रेतार्घ का निम्न मंत्र से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत इदं अर्घ्यं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

उत्सर्गोपरान्त पूड़ा का चतुर्थ भाग जल भोजनपात्रस्थ कुश पर गिराकर कुश को पुनः अर्घ्यपूड़ा में रख कर अर्घ्यपात्र को यथास्थान रख दे । तदूत्तर त्रिकमोड़ा लेकर पितामहादिकों के अर्घ्यपात्रों से पैंता/कुश निकाल कर भोजन पात्र पर दक्षिणाग्र रखे; जल से सिक्त कर अर्घ्यपुटकों को दोनों हाथों से ढंक कर पुनः **ॐ या दिव्या .... भवन्तु** । मंत्र पढ़े । तिल, जल से अर्घ्यों का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ..... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः ..... शर्माणःइमानि अर्घ्यानि वः स्वधा।।

एक (पश्चिम वाला) अर्घ्यपात्र दाहिने हाथ में लेकर सामने के भोजनपात्रस्थ कुश पर पितृतीर्थ से चतुर्थांश जल गिराकर कुश को पुनः पूड़ा में रख पूड़ा यथास्थान रखे; पुनः बीच वाले दूसरे व तीसरे पूड़े से भी वैसे ही चतुर्थांश अर्घ्य देकर कुश को पूड़ा में रखकर पूर्ववत यथास्थान रखे ।

पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **''ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः''** पढ़ कर हरिस्मरण करे ।

अर्घ्यसंयोजन :- दक्षि0 अपसव्य होकर अग्रिम मंत्र से प्रेतार्घपात्र का जल अलग से पूर्वाग्र रखे हुए तीन खाली पूड़ों में से दो पूड़ों में समंत्र व एक में बिना मंत्र के एक-एक तिहाई जल दे दे -

ॐ ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये । तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो देवेषु कल्पताम् ।

ॐ ये समानाः समनसो जीवा जीवेषु मामकाः। तेषा ँ श्रीर्मयि कल्पतामस्मिंल्लोके शत ँ समाः।।

तदूत्तर पितामह सम्बन्धी पूड़े का समस्त जल प्रेतपूड़ा में लेकर **ॐ ये समानाः .... समाः** ।। मंत्र पढ़कर पितामह के पूड़ा में सभी जल गिरा दे; पुनः पूर्ववत् प्रपितामह संबंधी पूड़ा का जल अपने बांए प्रेतपूड़ा में लेकर प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा समंत्र में दे दे । इसी विधि से समंत्र वृद्ध-प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा में भी जल देवे ।

न्युब्जीकरण :- कुश सहित प्रेतार्घपूड़ा को इस मंत्र से प्रेतासन से पश्चिम अधोमुख कर दे -

ॐ पित्रे (मात्रे) स्थानमसि ।। दक्षिणा देने तक उस पूड़ा को नहीं हिलावे ।

वृद्धप्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा का जल, कुश प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा में देकर यथास्थान रखे, फिर प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा का जल, कुश पितामह के अर्घ्यपूड़ा में गिराकर यथास्थान रखे, पुनः पितामहार्घपात्र को उठा कर प्रपितामहार्घपात्र में रखे फिर दोनों अर्घ्यपात्रों को उठाकर वृद्ध-प्रपितामहार्घपात्र में रखकर तीनों पूड़ा को पितामहादिकों के आसन से पश्चिम भाग में अधोमुखी कर दे -

ॐ पितृभ्यः स्थानमसि ।। दक्षिणा देने तक उन पूड़ों को न हिलावे ।

गन्धादि :- प्रेतमोड़ा, तिल, जल लेकर प्रेत के गन्धादि का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ..... गोत्र पितः ...... प्रेत एतानि गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूल यज्ञोपवीताऽऽच्छादनानि/ विद्यमानोपकरणानि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।

त्रिक मोड़ा, तिल, जल लेकर पितामहादि तीनों के गन्धादि का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः .... शर्माणः एतानि गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूलयज्ञोपवीतऽऽच्छादनानि/विद्यमानोपकरणानि वः स्वधा ।।

प्रेत मोड़ा लेकर पिता के भोजनपात्र व आसन के चारों ओर जल से मण्डल (अप्रदक्षिण) कर दे । पुनः त्रिकमोड़ा लेकर क्रमशः पितामहादिकों के भोजनपात्र व आसन को भी जल से मण्डलित कर दें ।

अग्नौकरण :- पूर्वा0 सव्य होकर एक पूड़ा में जल व जौ रखे, दूसरे पूड़े में सिद्धान्न, घी रखे। पातित-दक्षिणजानु होकर अनामिका और अंगूठा से पूड़ा का अन्नादि लेकर जल वाले पूड़े में दो बार आहुति प्रदान करे -

ॐ अग्नये कव्यवाहनाय स्वाहा ।। पहली आहुति ।।

ॐ सोमाय पितृमते स्वाहा ।। दूसरी आहुति दे ।।

अप0 दक्षि0 पितामहादि के भोजन पात्र पर थोड़ा-थोड़ा हुतशेषान्न दे दें। पुरुषाहार-परिमित प्रेतान्न, दूध, दही घी, मधु व्यञ्जनादि परोस कर रख दे। एक पात्र में घी एवं तिल युत जल भोजन से उत्तरभाग में रख दे। अग्नौकरण हुतशेषान्न

प्रेत-पाक एवं पितामहादि पाक में मिलाकर पिण्ड निर्माण कर पिण्डाधारपात्र में रख ले। पुनः पितमहादि तीनों के लिए भी भोजन व जल पात्रों में इसी तरह मिलाकर तीनों के वास्ते पिण्ड निर्माण कर पात्रों में रख ले ।

मधुप्रक्षेप (व्यवहारात् अन्नस्पर्श) : प्रेतत्रिकुशा लेकर भोजनपात्र के अन्न में अधोमुखी दाहिना हाथ लगावे-

ॐ मधुव्वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिव ँ रजः। मधुद्यौरस्तु नः पिता मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ2 अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।। ॐ मधुमधुमधु।।

पात्रालम्भन :- दाहिने हाथ के नीचे अधोमुख बायें हाथ से भोजनपात्र का स्पर्श करे -

ॐ पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखे ऽअमृते ऽअमृतं जुहोमि स्वाहा ।।

ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् । समूढमस्य पा ँ सुरे । ॐ कृष्ण कव्यमिदं रक्षमदीयम्।।

अवगाहन :- बांये हाथ को भोजनपात्र में लगाए रखते हुए ही दाहिने हाथ के अँगूठा से भोजनपात्र का अन्न पूड़ा का जल, घी और फिर अन्न छूए -

ॐ इदमन्नम् । (अन्न) **। ॐ इमा आपः ।** (जल)**। ॐ इदमाज्यम् ।** (घी)**। ॐ इदं हविः ।** (अन्न)

अगले मंत्र से अन्न पर तिल छिड़के ।

तिलविकिरण :- ॐ अपहता असुरा रक्षा ँ सि वेदिषदः ।

भोजन :- दाहिने हाथ मे मोड़ा, तिल, जल लेकर प्रेतान्न का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितः .... प्रेत इदमन्नं सोपकरणं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पुनः पूर्ववत् पितामहादिकों के भोजनों का त्रिक-त्रिकुशा लेकर अधोमुखी दाहिणे हाथ से स्पर्श कर **" ॐ मधुव्वाता .... मधु "** मंत्र का पाठ करके दाहिने हाथ के नीचे बायां हाथ भी भोजनपात्र में लगा दे व **" ॐ पृथिवी ते पात्रं .... मदीयम् "** का पाठ करे ।

अवगाहन :- दाहिना हाथ हटा ले व अंगूठे से अन्न, जल, घी व अन्न का मंत्र पढ़ते हुए स्पर्श करे -

ॐ इदमन्नम् । (अन्न) **। ॐ इमा आपः ।** (जल)**। ॐ इदमाज्यम् ।** (घी)**। ॐ इदं हविः ।** (अन्न)

भोजन :- दाहिने हाथ मे त्रिक मोड़ा, तिल, जल लेकर पितामहादिकों के भोजन का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः ...... शर्माणः इदमन्नं सोपकरणं वः स्वधा।।

बाएं हाथ को हटाकर पूर्वा0 सव्य होकर तीन बार गायत्री जप करे । दक्षि0 अप0 **'ॐ मधुमधुमधु'** पढकर यह मंत्र पढे -

ॐ अन्नहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद्भवेत् तत् सर्वम् अछिद्रमस्तु ।।

पूर्वा0 सव्य गायत्री जप कर आसन के नीचे त्रिकुशा संकल्प वाला रखे ।

दक्षि0 अप0 फिर **'ॐ मधुमधुमधु'** पाठ करे । फिर **ॐ कृणुष्वपाजः .... शत्रून् ।।** पूर्ण मंत्र पाठ कर भोजनपात्र पर तिल छिड़के (आद्य श्राद्ध प्रकरण से पृ0. 66.)।

फिर **ॐ उदीरतामवर .... रुचिः ।** पूर्ण मंत्र पढ़े (आद्य श्राद्ध प्रकरण से पृ0. 66.)।

विकिरदान :- वेदी के पश्चिम त्रिकुश रखकर जल से सिक्त कर दे । एक पूड़ा में अन्नादि लेकर जल से सिक्त करे फिर मोड़ा के जड़ से सहारा देकर त्रिकुश पर बांए हाथ के पितृतीर्थ से दे -

ॐ अनग्निदग्धाश्च ये जीवा ये प्रदग्धाः कुले मम। भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु पराङ्गतिम् ।।

त्रिकुश धारण कर पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **"ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः"** पढ़कर त्रिगायत्री जपे । फिर **ॐ मधु मधु मधु ।।** पाठ करे ।

उल्लेखन :- दक्षि0 अप0 होकर बालुकामयी वेदि को सिक्त कर पैंता लगे प्रेतमोड़ा से प्रेत-पिण्डस्थान में प्रादेशमात्र रेखा खींचे -

ॐ अपहता असुरा रक्षा ँ सि वेदिषदः ।।

पुनः पितामहादिकों के पिण्डस्थान में भी त्रिकमोड़ा के जड़ में पैंता लगाकर **ॐ अपहता** मंत्र से प्रादेशमात्र रेखा खींचे।

अंगारभ्रमण :- रेखाओं पर थोड़ा आग रख कर कुश के जड़ से चलाते हुए दक्षिण में गिरा दे -

ॐ ये रूपाणि प्रतिमुञ्चमाना असुराः सन्तः स्वधया चरन्ति ।
परापुरो निपुरो ये भरन्त्यग्निष्टाँल्लोकात् प्रणुदात्यस्मात् ।।

प्रादेशप्रमाण रेखाओं पर नौ छिन्नमूल कुश रखकर जल से सिक्त कर दे। पूर्वा0सव्य होकर तीन बार **ॐ देवताभ्यः** मंत्र पढ़े-

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।।

अत्रावन :- अप0 दक्षि0 हो बाएं हाथ में तिल-जल-पुष्प-चंदन युक्त एक पूड़ा लेकर दाहिने हाथ में प्रेत-मोड़ा, तिल जल लेकर इस मंत्र से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत अत्रावने निक्ष्व[1] ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

उत्सर्ग कर पूड़ा का जलादि दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से प्रेतवेदी के कुशों पर दे । पुनः त्रिकमोड़ा, तिल, जल लेकर पूर्वस्थापित पितामहादिक अवनेजन के तीन पूड़ाओं का इस मंत्र से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः ..... शर्माणः अत्रावने निग्ध्वं वः स्वधा ।।

उत्सर्गोपरांत क्रमशः अवनेजन पात्रों का जल बारी-बारी दक्षिणाग्र तीन जगह वेदी के कुशाओं पर पितृतीर्थ से दे दे ।

पिण्ड :- बिल्वप्रमाण प्रेत-पिण्ड बाएं हाथ में लेकर प्रेतमोड़ा, तिल, जल लेकर पिण्डोत्सर्ग करे-

1. एकवचन - निक्ष्व   द्विवचन - निजाथाम   बहुवचन - निग्ध्वं

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत एष पिण्डः ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पिण्ड को दाएं हाथ में लेकर पितृतीर्थ से प्रेत-पिण्डस्थान के कुशों पर रखे । पुनः पितामह, प्रपितामह व वृद्ध-प्रपितामहों के पिण्डों का भी बारी-बारी से तत्तत् मोड़ा, तिल-जल लेकर उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितामह(प्रपितामह/वृद्धप्रपितामह) ...... शर्मन् एष पिण्डः ते स्वधा ।।

उत्सर्गोपरांत पिण्डों को पितामहादिकों के पिण्डस्थान पर दाहिने-हाथ के पितृतीर्थ से स्थापित करे ।

ॐ लेपभागभुजस्तृप्यन्तु ।। इस मंत्र से पितामहादिकों के पिण्डतलस्थ कुशों में हाथ पोंछे ।

पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **"ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः"** पढ़कर हरिस्मरण करे । अप0 दक्षि0 करबद्ध उत्तर मुंह कर इस मंत्र से श्वास ले, सांस को रोक कर सूर्यस्वरूप पितर का ध्यान करे ।

ॐ अत्र पितर्मादयस्व यथाभाग मावृषायस्व ।। सांस खींचकर रोके ।

ॐ अमीमदत पिता यथाभाग मा वृषायिष्ट ।। पश्चिमाभिमुख श्वास छोड़े ।

पुनः करबद्ध उत्तर मुंह कर इस मंत्र से श्वास ले, सांस को रोक कर पितामहादिकों का ध्यान करे ।

ॐ अत्र पितरोमादयध्वं यथाभाग मा वृषादयध्वम् ।। सांस खींचकर रोके ।

ॐ अमीमदन्त पितरो यथाभाग मा वृषायिषत ।। पश्चिमाभिमुख श्वास छोड़े ।

प्रत्यवन :- प्रेतप्रत्यवन पूड़ा बाएं हाथ में लेकर प्रेतमोड़ा, तिल, जल ले प्रत्यवन उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितः .... प्रेत अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।

उत्सर्ग कर पूड़ा का जलादि (प्रत्यवन) दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से प्रेतपिण्ड पर दे ।

ॐ अद्य .... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः .... शर्माणः अत्र प्रत्यवने निग्ध्वं वः स्वधा ।।

पितामहादिकों के प्रत्यवन पूड़ा का जल पितृतीर्थ से उनके-उनके पिण्डों पर दे । दाहिने कोहनी से नीवीं (डांर) ससार कर, पूर्वा0सव्य हो आचमन करे, अप0द0 हो प्रेतमोड़ा धारण कर प्रेतपिण्ड पर सूता दे -

ॐ एतत्ते पितर्वासः/मातर्वासः ।।

त्रिकमोड़ा लेकर पितामहादिकों के पिण्डों पर तीन सूता दे ।

ॐ नमो वः पितरो रसाय नमो वः पितरो शोषाय नमो वः पितरो जीवाय नमो वः पितरःस्वधायै नमो वः पितरो घोराय नमो वः पितरो मन्यवे नमो वः पितरः पितरो नमो वो गृहान्नः पितरो दत्त सतो वः पितरो द्वेष्म ।। ॐ एतद् वः पितरो वासः।। पितामहादिक तीनों के पिण्डों पर तीन सूता चढ़ा दे ।

वस्त्रोत्सर्ग :- प्रेत-मोड़ा, तिल, जल ले प्रेत-सूत्र का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत एतद्वासः ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

त्रिकमोड़ा, तिल, जल लेकर पितामहादिकों के सूत्र का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः ..... शर्माणः इमानि वासांसि वः स्वधा।।

पिण्डसम्मेलन :- हाथ धोकर पितरों का ध्यान करते हुए बिना मंत्र के पहले प्रेतपिण्ड पर पान, सुपारी, पुष्प चन्दनादि चढ़ाकर पिण्ड के चारों ओर पिण्ड शेषान्न बिखेर दे, फिर पितामहादिकों के पिण्डों पर पान, सुपारी, पुष्प, चन्दनादि चढ़ाकर पिण्ड के चारों ओर पिण्ड शेषान्न बिखेरे । पुनः त्रिकुशा के जड़ से पिण्डस्थ पानादिकों को हटा कर स्वर्ण/रजत शलाका को दोनों हाथ (बांए हाथ में जड़भाग) से पकड़कर **'ॐ ये समानाः .... समाः'** मंत्र पढ़ते हुए प्रेत-पिण्ड का तृतीय भाग काटे, पुनः मंत्र पढ़ कर दुबारा तृतीय भाग काटे -

ॐ ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये । तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो देवेषु कल्पताम् ।।

ॐ ये समानाःसमनसो जीवा जीवेषु मामकाः। तेषा ँ श्रीर्मयि कल्पतामस्मिंल्लोके शत ँ समाः।।

प्रेत-पिण्ड को दो बार तृतीयांश काटने पर तीन भाग बनेगा । एक-एक भाग को **'ॐ ये समानाः.......समाः'** मंत्र पढ़ते हुए क्रमशः पितामहादिकों के तीनों पिण्ड में मिला दे । पुनः सब पिण्डों को एकत्र मिला कर गोल करे, फिर पिता पितामहादिकों का ध्यान करते हुए पिण्ड पर पितृतीर्थ से चार अंजलि जल दे ।

पिण्डपूजन :- चन्दन-फूल-माला-पान-मखान-द्रव्यादि चढ़ाकर पिण्ड पूजा करे । पिण्डशेषान्न पिण्ड के समीप बिखेर दे। पूर्वा0 सव्य त्रिकुश-हस्त हो कर विश्वेदेवान्न पर, फिर दक्षि0 अप0 मोटकहस्त प्रेत, पितामहादि चारों के भोजनों पर मंत्र

पढ़ते हुए क्रमशः जल, फूल व अक्षत चढ़ावे -

ॐ शिवा आपः सन्तु ।। जल। **ॐ सौमनस्यमस्तु ।।** फूल। **ॐ अक्षतंचारिष्टमस्तु ।।** अक्षत।

अक्षय्योदक :- तदूत्तर चार पूड़ा में जल, चन्दन, फूल, तिल, घी, मधु देकर अक्षय्योदक बना ले । प्रेतमोड़ा तिल, जल लेकर प्रेत के अक्षय्योदक का उत्सर्ग कर पिण्ड पर पूड़ा का जल दे दे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य दत्तैतदन्नपानादिकमुपतिष्ठताम् ।।

पुनः त्रिकमोड़ा, तिल, जल लेकर तीनों अक्षय्योदकों का उत्सर्ग कर पितामहादिकों के वास्ते पिण्ड पर दे -

ॐ अद्य .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां एतानि दत्तैतदन्न पानादिकानि अक्षय्यानि सन्तु ।।

जलधारा :- पूर्वा0 सव्य हो दक्षिण की ओर देखते हुए अंजलि से पिण्ड पर पूर्वाग्र जलधारा दे -

ॐ अघोराः पितरः सन्तु ।। (अंजलिबद्ध)

आशीषप्रार्थना :- पूर्वा0 प्रणाम कर दक्षिणदिशा देखते हुए पढ़े -

ॐ गोत्रं नो वर्धतां दातारो नोऽभिवर्द्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च । श्रद्धा च नो मा व्यग्मद् बहुदेयञ्च च नोऽअस्तु । अन्नं च नो बहुभवेत् अतिथींश्च लभेमहि । याचितारश्च नः सन्तु मा

च याचिष्म कञ्चन । एताः सत्याशिषः सन्तु ।।

अप0 दक्षि0 त्रिकुशा से पिण्डस्थ पान-पुष्पादि हटाकर त्रिकुशा को पिण्ड पर दक्षिणाग्र करके रख दे ।

वारिधारा :- एक पूड़ा में जल तिल, पुष्प, चंदन या दूध लेकर इस मंत्र से पिण्डथ कुश पर दक्षिणाग्र पर धारा दे -

ॐ ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिश्रुतम् । स्वधास्थ तर्पयत् मे पितॄन् ।।

विनम्रभाव से पिण्ड को सूंघकर दोनों हाथ से थोड़ा उठाकर फिर रख दे । पिण्डतलस्थ कुशों को निकाल कर आग में दे दे । सव्य होकर विश्वेदेवार्घपात्रों का पूर्वाग्र हिला दे । पुनः अप0 दक्षि0 होकर प्रेत एवं पितामहादिकों के अधोमुखी अर्घ्यपात्रों को उत्तान कर दे ।

विश्वेदेव श्राद्धदक्षिणा :- पूर्वा0 सव्य0 हो त्रिकुशा, तिल, जल लेकर विश्वेदेवश्राद्ध की दक्षिणा करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य (...... गोत्रायाः मातुः .... प्रेतायाः) सपिण्डीकरण निमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मसम्बन्धिनां विश्वेषां देवानां कृतैतत् श्राद्धप्रतिष्ठार्थम् एतावत्[1] द्रव्यमूल्यक हिरण्यं अग्निदैवतं यथानाम गोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणां दातुमहमुत्सृज्ये ।।

1. दक्षिणाद्रव्याभाव होने पर :- यद्दीयमानद्रव्यमूल्यकं .... दक्षिणां दातुमहमुतसृज्ये पढ़े ।

प्रेतश्राद्ध दक्षिणा :- अप0 दक्षि0 प्रेतमोड़ा, तिल, जल ले करे प्रेत श्राद्ध का दक्षिणा करे -

ॐ अद्य ...... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य कृतैतत् सपिण्डीकरण श्राद्धप्रतिष्ठार्थम् एतावत् द्रव्यमूल्यकं रजतं चन्द्र दैवतं ...... गोत्राय ...... शर्मणे ब्राह्मणाय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

मंत्र का पढ़कर ब्राह्मण को दक्षिणा दे और ब्राह्मण **'ॐ स्वस्ति'** कहकर दक्षिणा ले लें ।

पितामहादित्रय श्राद्ध दक्षिणा :- पुनः त्रिकमोड़ा, तिल, जल लेकर पितामहादिक श्राद्ध की दक्षिणा करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां कृतैतानि श्राद्धानि प्रतिष्ठार्थम् एतावत् द्रव्यमूल्यकं रजतं चन्द्रदैवतं यथानाम गोत्राय ब्राह्मणाय दक्षिणामहं ददे ।।

पूर्वा0 सव्य आचमन कर विश्वेदेवों का विसर्जन जल लेकर कर दे -

ॐ विश्वेदेवाः प्रीयन्ताम् ।। प्रणाम कर तीन बार **ॐ देवताभ्यः** पाठ करे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नमः ।।

अप0 होकर दीप का बुझाकर हाथ-पैर धो ले, पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **प्रमादात्** मंत्र पढ़कर श्राद्ध-सामग्री ब्राह्मण को दे दे -

ॐ प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत् । स्मरणादेवतद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः ।।

ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः ।।

पिण्डवेदी को थोड़ा तोड़ दे । भगवान सूर्य को नमस्कार करे ।

पिण्डादि का जल-प्रवाह वा यथाविधि विसर्जन करके उत्तरीय खुलवा कर स्नान कर ब्राह्मणों को भोजन कराये । स्नान कर नववस्त्रादि धारण करे और विधि अनुसार आंगन में कलशपूजन करके कुटुम्ब-प्रदत्त वस्त्राऽन्नादि का उत्सर्ग करके पगरीबन्धन करे । देव निमित्तक ब्राह्मणों को भोजन करावे और स्वयं भी भोजन करे ।

।। इति पं0 दिगम्बर झा सुसम्पादितं वाजसनेयिनां सपिण्डन श्राद्ध विधिः ।।

विशेष :- पगरीबन्धन जिसके पिता की मृत्यु हो चुकी है, उसी का किया जाना चाहिए । जिसके पिता जीवित हों उसका पगरीबन्धन नहीं करना चाहिए; मात्र गमछा या चादर ही देना चाहिए ।

अधीरः कर्कशः स्तब्धः कुचलः स्वयमागतः । पञ्च विप्रा न पूज्यन्ते बृहस्पतिसमा अपि ।।
अवृत्तिर्भयमंत्यानां मध्यानां मरणाद्भयम् । उत्तमानां तु मर्त्यानामावमानाद्भयम् ।। सुभाषित

छन्दोगी अपात्रक आद्य (एकादशाह) व मासिक (द्वादशाह) श्राद्ध विधि

स्नानादिकोपरांत नित्यकर्म (संध्या, तर्पण, पंचदेवता और विष्णु का पूजन) कर श्राद्धकर्त्ता और पाककर्त्ता पवित्र मंडलकृत श्राद्धस्थला आकर अंगारभ्रमण करे गोरी मिट्टी छिड़के । दिग्रक्षण कर पाककर्म कर ले । पाककर्त्ता से श्राद्धकर्त्ता पूछे - **''ॐ सिद्धम्''** । पाककर्त्ता की स्वीकारोक्ति के बाद रक्षादीप जलाकर श्राद्ध सामग्री यथाविधि स्थापित कर ले । त्रिराचमन-उर्ध्वपुण्ड्र करके पवित्रीधारण पूर्वक जल लेकर आत्मशुद्धि करे -

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपिवा यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यंतरः शुचिः । पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।। ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।।

पवित्रीकरणोपरांत त्रिकुशा, तिल, जल लेकर प्रधान-संकल्प करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य (...... गोत्रायाः मातुः ...... प्रेतायाः) प्रेतत्व विमुक्तिकामः अद्यादि यथाकालं षोडश/ सप्तदश श्राद्धानि अहं करिष्ये ।।

> यह प्रधान संकल्प (उपरोक्त) सिर्फ आद्यश्राद्ध (एकादशाह) को ही किया जाता है ।
> यदि अगले ग्यारह महीने के अन्दर मलमास लगे तो **सप्तदश** पद प्रयुक्त होगा ।

संकल्प :- पूर्वाभिमुख त्रिकुशा, तिल, जल लेकर संकल्प करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य प्रेतत्व विमुक्ति हेतु षोडश/सप्तदश श्राद्ध अंतर्गत आद्य/ प्रथम/द्वितीय मासिक .... श्राद्धं अहं करिष्ये ।।

तीन बार गायत्री जप करे । करबद्ध होकर तीन बार **देवताभ्यः** मंत्र पाठ करे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वधायै स्वाहायै नित्यमेव भवन्त्विति ।।

आसन :- अपसव्य होकर दक्षिणाभिमुख पातितवामजानु मोड़ा, तिल, जल लेकर पूर्वसिक्त प्रेतासन का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत (...... गोत्रे मातः ...... प्रेते) इदं आसनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

> आद्यश्राद्ध में आसनोत्तर **आवरणकाम छत्र** व **तप्तबालुकासिकण्टकित भूदुर्गसंतरन काम उपानद्दान** होता है ; जिसके देवता उत्तानांगिर हैं ।

तिलविकिरण :- **ॐ अपहता असुरा रक्षांसि वेदिषदः।।** भोजनपात्र पर तिल छिड़के ।

अर्घ्यस्थापन :- अर्घ्य पूड़ा में पवित्री (कुश) देकर इन दोनों मंत्रों से जल व तिल दें -

---

एकादशाह को जो श्राद्ध किया जाता है, उसे ही आद्यश्राद्ध कहते हैं । द्वादशाह को 14 (1 वर्ष के मध्य अधिकमास लगने पर 15) मासिक श्राद्ध किया जाता है यह स्मरण रखना चाहिए ।

ॐ शन्नो देवीरभिष्टये शन्नो भवन्तु पीतये । शंयोरभिस्रवन्तु नः ।। जल ।

ॐ तिलोऽसि पितृदेवत्यो गोसवो देवनिर्मितः ।

प्रत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितॄन् लोकान् प्रीणाहि नः स्वधा ।। तिल ।

फूल व चन्दन भी अर्घ्यपूड़ा में दे दें । अर्घ्यपूड़ा को उठाकर बाएं हाथ में लेकर पूड़ा से कुश निकाल कर भोजनपात्र पर रखकर जल से सिक्त कर दें ।

अर्घ्याभिमंत्रण :- फिर दाहिने हाथ से बाएं हाथ में स्थित अर्घ्यपूड़ा को ढंककर मंत्र पढे -

ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्बभूबुर्या आन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः ।

हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः शं स्योनाः सुहवा भवन्तु ।।

अर्घ्य :- मो.ति.जल लेकर निम्न मंत्र से अर्घ्य का उत्सर्जन करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत इदं अर्घ्यं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पूड़ा का जल (अर्घ्य) भोजनपात्रस्थित कुश पर दक्षिणाग्र दे दे ।

न्युब्जीकरण :- कुश को पूर्ववत् पूड़ा में रखकर प्रेतासन से पश्चिम अधोमुख कर दे और ये मंत्र पढ़े -

ॐ पित्रे (मात्रे) स्थानमसि ।। दक्षिणा देने तक उस पूड़ा को नहीं हिलावे ।

आद्य श्राद्ध में तिल बिखेर कर, भूमिपर रखे एक त्रिकुश पर दोनों हाथ रखते हुए निम्न मंत्र से प्रेत का आवाहन करें -

ॐ इह लोकं परित्यज्य गतोऽसि परमां गतिम् ।।

गन्धादि उत्सर्ग :- मो.ति.जल लेकर निम्न मंत्र से वस्त्रगन्धादि का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितः ...... प्रेत एतानि गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूलयज्ञोपवीताऽऽच्छादनानि/ विद्यमानोपकरणानि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।

प्रेतासन व भोजनपत्र के चारों ओर जल से वामावर्त मण्डल करके अन्नादि (भात, सब्जी, घी, मधु) परोसे ।

भूस्वामि अन्नदान :- मो.ति.जल लेकर भूस्वामि के लिए पिण्डवेदी के पूर्व भाग में अन्नादि दे -

ॐ इदमन्नम् एतद् भूस्वामि पितृभ्यो नमः ।

मधुप्रक्षेप (व्यवहारात् अन्नस्पर्श) :- त्रिकुशा लेकर भोजनपात्र के मधुयुक्त प्रेतान्न को अधोमुखी दाहिने हाथ से स्पर्श कर **मधुव्वाता** मंत्र पढ़े -

ॐ मधुव्वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवं रजः। मधुद्यौरस्तु नः पिता मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ 2 अस्तु सूर्यः । माध्वीर्गावो भवन्तु नः ।। ॐ मधु मधु मधु ।।

पात्रालम्भन :- दाहिने हाथ के नीचे अधोमुख कर बायां हाथ लगाकर भोजनपात्र स्पर्श करते हुए यह मंत्र पढ़े -

ॐ पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखे ऽअमृते ऽअमृतं जुहोमि स्वाहा ।।

ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् समूढ़मस्य पांसूले । ॐ कृष्ण कव्यमिदं रक्षमदीयम् ।।

अवगाहन :- बांये हाथ को भोजनपात्र में लगाए रखते हुए ही दाहिने हाथ के अँगूठा से भोजनपात्र का अन्न, पूड़ा का जल और फिर अन्न छूए -

ॐ इदमन्नम् । (अन्न) **। ॐ इमा आपः ।** (जल)**। ॐ इदं हविः ।** (अन्न) **।।**

अन्नदान :- दाहिने हाथ में मो.ति.जल लेकर प्रेतान्न का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत इदमन्नं सोपकरणं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

बाएं हाथ को हटाकर पूर्वा0 सव्य हो तीन बार गायत्री जप करे।

दक्षि0 अप0 **'ॐ मधुमधुमधु'** पढकर दोनो हाथ उठाते हुए निम्न मंत्र पढे -

ॐ अन्नहीनं क्रियाहीनं विधिहीनं च यद्भवेत् तत् सर्वम् अच्छिद्रम् अस्तु ।।

पूर्वा0 सव्य गायत्री जप कर आसन के नीचे त्रिकुशा (संकल्प वाला) देकर; दक्षि0 अप0 फिर **'ॐ मधुमधुमधु'** पाठ करे । तिल लेकर निम्न मंत्र पढे -

ॐ कृणुष्वपाजः प्रसितिं न पृथ्वीं याहि राजे वामवाँ 2 इभेन । तृष्वीमनु प्रसितिं द्रूणानो

ऽस्तासि विध्य रक्षसस्तपिष्ठैः। तव भ्रमास आशुया पतन्त्यनुस्पृश धृषता शोशुचानः तपूं ष्यग्ने जुह्वा पतङ्गानसन्दितो विसृज विष्वगुल्काः । प्रतिस्पशोविसृज तूर्णितमो भवा पायुर्विशोऽअस्या ऽअदब्धः । यो नो दूरेऽघसं सो योऽअन्त्यग्ने माकिष्टे व्यथिरादधर्षीत् । उदग्ने तिष्ठ प्रत्यातनुष्वन्यमित्राँ 2 ओषतात्तिग्महेते । यो नोऽरातिं समिधानचक्रे नीचा तं धक्ष्यत सन्न शुष्कम् । ऊर्ध्वो भव प्रतिविध्याध्यस्मदाविष्कृणुष्व दैव्यान्यग्ने । अवस्थिरा तनुहि यातु जूना जामिमजामिं प्रमृणीहि शत्रून् ।। प्रेत भोजनपात्र या भूमि पर तिल छिड़क दे । फिर पढ़े -

ॐ उदीरतामवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सौम्यासः। असुंयऽईयुरवृकाऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु। अंगिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः तेषां वयं सुमतौ यज्ञियानामपि भद्रे सौमनसे स्याम। ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासोऽअनूहिरे । सोमपीथं वसिष्ठाः तेभिर्य्यमः संरराणो हवीं ष्युशन्नुशद्भिः प्रतिकाममत्तु।।

ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् । स भूमिं सर्वतस्पृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम् .... सन्ति देवाः ।। ॐ आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम् । संक्रन्दनोऽनिमिष एकवीरः शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः ।।

ॐ नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च।।

ॐ नमस्तुभ्यं विरूपाक्ष नमस्तेऽनेकचक्षुषे । नमः पिनाक हस्ताय वज्रहस्ताय वै नमः ।।
ॐ सप्तव्याधा दशार्णेषु मृगाः कालञ्जरे गिरौ । चक्रवाकाः शरद्वीपे हंसाः सरसि मानसे ।।
तेऽपि जाताः कुरुक्षेत्रे ब्राह्मणा वेदपारगाः । प्रस्थिता दूरमध्वानं यूयं तेभ्योऽवसीदथ ।।
ॐ नमस्येऽहं पितॄन् ये वसन्त्यधि देवताः । देवैरपि हि तृप्यन्तु ये च श्राद्धैः स्वधोत्तरैः ।।
ॐ रुची रुची रुचिः ।।

विकिरदान :- वेदी के पश्चिम त्रिकुश रखकर जल से सिक्त कर दे । एक पूड़ा में अन्नादि लेकर सिक्त कर मोड़ा के जड़ से सहारा देकर त्रिकुश पर बांए हाथ के पितृतीर्थ से दे -

ॐ अग्निदग्धाश्च ये जीवा येऽप्यदग्धाः कुले मम । भूमौ दत्तेन तृप्यन्तु तृप्ता यान्तु पराङ्गतिम् ।।

त्रिकुश धारण कर पूर्वा0सव्य हो आचमन कर **''ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः''** पढ़े । दक्षि0 अप0 होकर त्रि-गायत्री जप कर **''ॐ मधुमधुमधु''** पढ़े । बालुकामयी वेदी को सिक्त कर पैंता के जड़ से वेदी पर प्रादेशमात्र रेखा खींचे -

ॐ अपहता असुरा रक्षांसि वेदिषदः ।।

प्रादेशप्रमाण रेखा पर नौ छिन्नमूल कुश रखकर मोड़ा धारण कर कुशों को सिक्त कर दे । पूर्वा0 सव्य हो **देवताभ्यः** मंत्र पाठ करे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वधायै स्वाहायै नित्यमेव भवन्त्विति ।।

अत्रावन :- अप0 दक्षि0 बाएं हाथ में तिल, जल, पुष्प, चंदन युक्त एक पूड़ा लेकर दाहिने हाथ में मो.ति. जल लेकर इस मंत्र से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत अत्रावने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

उत्सर्ग कर पूड़ा का जलादि (अवनेजन) पितृतीर्थ से वेदी के कुशों पर दे दे । **(जलस्पर्श)**

पिण्डदान :- बिल्वप्रमाण पिण्ड बाएं हाथ में लेकर मो.ति.जल से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत एष पिण्डः ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

दाहिने हाथ के पितृ तीर्थ से वेदी के कुशों पर पिण्ड रखकर **जलस्पर्श** करे। फिर पिण्ड के नीचे के कुशों में हाथ पोछे। पूर्वा0 सव्य हो दो बार आचमन कर **हरिस्मरण** करे ।

प्रत्यवन :- अप0 दक्षि0 पिण्डनिमार्ण पात्र में जल दे, उस जल को एक पूड़ा में रख ले; तिल, पुष्प, चंदन मिला कर बाएं हाथ में लेकर मोड़ा, तिल, जल ले प्रत्यवन उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितः .... प्रेत अत्र प्रत्यवने निक्ष्व ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।

उत्सर्ग कर पूड़ा का जलादि (प्रत्यवन) दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से वेदी के कुशों पर गिरा दे । **जलस्पर्श**

ॐ अत्र पितर्मादयस्व यथाभाग मा वृषायस्व ।।

ईशानाभिमुख होकर इस मंत्र से श्वास लेकर सूर्यस्वरूप पितर का ध्यान करे ।

ॐ अमीमदत पिता यथाभाग मा वृषायिष्ट ।। दक्षिणाभिमुख इस मंत्र से श्वास छोड़े । दाहिने कोहनी से डांर (नींवी) को ससारे । पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **हरिस्मरण** करे ।

पिण्डपूजन :- अप0 दक्षि0 इस मंत्र से पिण्ड पर सूता दे-

ॐ एतत्ते पितर्वासः/मातर्वासः ।। मोड़ा, तिल, जल ले सूत्र का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत एतद्वासः ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

पुनः हाथ धोकर (**जलस्पर्श**) पितर का ध्यान करते हुए (मंत्ररहित) पिण्ड पर पान, सुपारी, पुष्प, चन्दनादि चढ़ाकर पिण्ड के चारों ओर पिण्ड शेषान्न बिखेरे । प्रणाम करते हुए षड्ऋतुओं के लिये मंत्र पढ़े -

ॐ वसन्ताय नमस्तुभ्यं ग्रीष्माय च नमो नमः । वर्षाभ्यश्च शरत्संज्ञ ऋतवे च नमः सदा ।।
हेमन्ताय नमस्तुभ्यं नमस्ते शिशिराय च । मास संवत्सरेभ्यश्च दिवसेभ्यो नमः सदा ।।

ॐ वसन्तादि षड्ऋतुभ्यो नमः।।

पिण्ड पर फूल चढ़ाकर अगले मंत्रों से प्रेतान्न पर क्रमशः जल, फूल और अक्षत चढ़ाए :-

ॐ शिवा आपः सन्तु ।। प्रेतान्न पर जल दे ।

ॐ सौमनस्यमस्तु ।। प्रेतान्न पर फूल चढ़ाए ।

ॐ अक्षतंचारिष्टमस्तु ।। प्रेतान्न पर अक्षत चढ़ाए ।

आद्य श्राद्ध में एक पूड़ा में जल, तिल, घी, मधु, चंदन, फूल देकर
पिण्डवेदी पर रख कर दोनों हाथ भूमिपर रखकर नत होकर यह मंत्र पढ़े -

ॐ नमो नमो मेदिनी लोकधर्त्री उर्व्वि महिशैलगिरिधारिणी नमः ।
धरिणि काश्यपि जगत्प्रतिष्ठे वसुधे नमोऽस्तु वैष्णवि भूतधात्रि ।।
नमोऽस्तु ते सर्वरसप्रतिष्ठे निवापनावीचि नमो नमोऽस्तु ते ।।

अक्षय्योदक :- मोड़ा, तिल, जल ले मधु, घी, तिल मिश्रित जल भरे पूड़ा का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... (...... गोत्रायाः मातुः ...... प्रेतायाः) प्रेतस्य दत्तैतदन्न पानादिकमुपतिष्ठताम् ।।

दाहिने हाथ के पितृतीर्थ से अक्षय्योदक (पूड़ा का जल) पिण्ड पर गिरावे । पूर्वा0 सव्य हो दूसरे पूड़े में जल लेकर दक्षिण ओर देखते हुए इस मंत्र से पिण्ड पर अंजली से पूर्वाग्र जलधारा दे -

ॐ अघोरः पिता ऽअस्तु/ अघोरा माता ऽअस्तु ।।

ॐ गोत्रं नो वर्धताम् ।। पूर्वा0 प्रणाम कर पढ़े ।

अप0 दक्षि0 त्रिकुशा से पिण्डस्थ सूत्रादि को हटाकर त्रिकशा को पिण्ड पर दक्षिणाग्र करके रख दे । एक पूड़ा में जल तिल, पुष्प, चंदन या दूध लेकर इस मंत्र से पिण्डथ कुश पर धारा दे -

ॐ ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिश्रुतम् । स्वधास्थ तर्पयत् मे पितरम् ।।

विनम्रभाव से पिण्ड को सूंघकर थोड़ा उठाकर फिर रख दे । पिण्डतलस्थ कुशों को निकाल कर आग में दे ।

दक्षिणा :- उल्टे हुए अर्घ्यपूड़ा को पुनः उल्टा कर मोड़ा, तिल, जल लेकर कर्मदक्षिणा करे -

ॐ अद्य ...... गोत्रस्य पितुः ...... प्रेतस्य (..... गोत्रायाः मातुः ..... प्रेतायाः) कृतैतत् आद्य/प्रथम/द्वितीय ...... मासिक श्राद्धप्रतिष्ठार्थम् एतावत् द्रव्यमूल्यकरजतं चन्द्रदैवतं ...... गोत्राय ...... शर्मणे ब्राह्मणाय दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे ।।

इस मंत्र का पढ़कर ब्राह्मण को दक्षिणा दे और ब्राह्मण **' ॐ स्वस्ति '** कहकर दक्षिणा ले ले ।

हाथपैर धोकर पूर्वा0 सव्य आचमन कर प्रसन्नचित्त करबद्ध पितरों से आशीर्वाद मांगे -

ॐ दातारो नोऽभिवर्द्धन्ताम् वेदाः सन्ततिरेव च । श्रद्धा च नो मा व्यग्मद् बहुदेयञ्च च नोऽअस्तु ।। अन्नं च नो बहुभवेत् अतिथींश्च लभेमहि । याचितारश्च नः सन्तु मा च याचिष्म कञ्चन ।। एताः सत्याशिषः सन्तु ।।

आद्य श्राद्ध :- पूर्वा0 सव्य होकर यव सहित त्रिकुश पूर्वाग्र रखे ।

त्रिकुश-यव-जल लेकर मंत्र पढ़ते हुए त्रिकुशा पर गिरावे :- **ॐ अग्निमुखा देवातृप्यन्ताम् ।।**

शेषान्न में जल फूल देकर उसका उत्सर्ग करे :- **ॐ भूतेभ्यः एष बलिर्नमः ।।**

पूर्वा0 सव्य आचमन कर तीन बार **देवताभ्यः** पढे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वधायै स्वाहायै नित्यमेव भवन्त्विति ।।

वामदेवगान : '' कयान इति महावामदेवऋषिर्गायत्रि छन्दः इन्द्रो देवता अग्निष्टोमादौ द्वितीयपृष्ठे शान्ति कर्मणि जपे विनियोगः ''

ॐ कयानश्चित्र आभुव दूती सदा वृधः सखा । कया शचिष्ठया वृता । कस्त्वा सत्यो मदानां मंहिष्ठो मत्सदन्धसः दृढ़ा च दारुजे वसु । अभीषुणः सखीनामविता जरतॄणां शतं भवास्यूतये।।

ॐ स्वस्ति नऽइन्द्रोवृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः । स्वस्तिनस्ताक्ष्यो ऽअरिटष्नेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्द्दधातु । ॐ स्वस्ति नो बृहस्पतिर्द्दधातु ।।

ॐ प्राजापत्यं वै वामदेव्यं प्रजापतावेव प्रतिष्ठायोत्तिष्ठन्ति ।

ॐ पशवो वै वामदेव्यं पशुष्वेव प्रतिष्ठायोत्तिष्ठन्ति ।

ॐ शान्तिर्वै वामदेव्यं शान्तावेव प्रतिष्ठायोत्तिष्ठन्ति । ॐ अत एतत् कर्माऽच्छिद्रमस्तु ।।

अप0 द0 होकर दीप बुझाकर हाथपैर धोकर, पूर्वा0 सव्य आचमन कर प्रमादात् मंत्र पढ़कर श्राद्धसामग्री ब्राह्मण को दे दे -

ॐ प्रमादात्कुर्वतां कर्म प्रच्यवेताध्वरेषु यत् । स्मरणादेवतद्विष्णोः सम्पूर्णं स्यादिति श्रुतिः ।।

ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः ।।

पिण्डवेदी को थोड़ा तोड़ दे । भगवान सूर्य को नमस्कार करे ।

।। इति पं0 दिगम्बर झा सुसम्पादितं छन्दोगानामाद्यमासिक च श्राद्ध विधिः ।।

चतुर्दशमासिक :- प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, उनषाण्, षष्ठ, सप्तम, अष्टम, नवम, दशम, एकादश, उनवार्षिक और द्वादश मासिक । यदि सप्तदश श्राद्ध हो तो वार्षिक, उनवार्षिक और पन्द्रहवां त्रयोदश मासिक ।

सपिण्डन श्राद्ध छन्दोग

पवित्रि-त्रिकुशादि धारण पूर्वक पूर्वाभिमुख आसनान्न, उपकरणादि व शरीर पर जल छिड़के -

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थाङ्गतोऽपिवा यः स्मरेत्पुण्डरीकाक्षं स बाह्याभ्यंतरः शुचिः। पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।। ॐ पुण्डरीकाक्षः पुनातु ।।

संकल्प :- पूर्वाभिमुख त्रिकुशा, तिल, जल लेकर संकल्प करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य (...... गोत्रायाः मातुः ...... प्रेतायाः) प्रेतत्व विमुक्ति हेतु षोडश/सप्तदश श्राद्ध अंतर्गत सपिण्डीकरण श्राद्धं अहं करिष्ये ।।

तीन बार गायत्री जप करे । करबद्ध होकर तीन बार **देवताभ्यः** पाठ करे -

ॐ देवताभ्यः पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च । नमः स्वधायै स्वाहायै नित्यमेव भवन्त्विति ।।

आसन :- दाहिने जांघ को गिराकर त्रिकुश, यव, जल से विश्वेदेवा का आसनोत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे ....गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां सम्बन्धिनो विश्वेदेवा इदमासनं वो नमः।।

आवाहन :-करबद्ध विश्वेदेवों का आवाहन करे -

ॐ विश्वान् देवान् अहं आवाहयिष्ये, विश्वेदेवा स आगत शृणुताम् इमं हवं एनं बर्हिनिषीदत।।
ॐ यवोऽसि यवयास्मद्द्वेषो यवयारातिः।। विश्वदेवा के भोजनपात्र पर जौ छिड़के । फिर अगला मंत्र पढ़े -
ॐ विश्वेदेवाः शृणुतेमं हवं मे येऽन्तरिक्षे य उपपद्यविष्ट येऽअग्निजिह्वा उतवा यजत्रा आसद्याऽस्मिन् बर्हिषि मादयध्वम्।।
ॐ ओषधयः समवदन्त सोमेन सह राज्ञा यस्मै कृणोति ब्राह्मणस्तं राजन् पारयमसि ।।
ॐ आगच्छन्तु महाभागा विश्वेदेवा महाबलाः । ये यत्र योजिताः श्राद्धे सावधाना भवन्तु ते ।।
अर्घ्यस्थापन :- अर्घ्य पूड़ा में पवित्री(कुश) देकर इन मंत्रों से जल व जौ दें -
ॐ शन्नो देवीरभिष्टये शन्नो भवन्तु पीतये । शंयोरभिस्रवन्तु नः ।। - जल
ॐ यवोऽसि यवयास्मद्द्वेषो यवयारातिः ।। -जौ । पुष्प, चन्दन भी दे दें ।
फिर अर्घ्यपात्र को बांये हाथ में लेकर पूड़ा का पैंता(कुश) निकाल कर विश्वेदेवा के भोजनपात्र पर पूर्वाग्र रखकर जल से सिक्त कर दे ।
अर्घ्याभिमन्त्रण :- उत्तान दाहिने हाथ से अर्घ्यपूड़ा को ढ़ंक कर यह मंत्र पढ़े -
ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्बभूबुर्या आन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः ।
हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः शं स्योनाः सुहवा भवन्तु ।।

अर्घ्य :- त्रिकुशा, जौ, जल लेकर इस मंत्र से अर्घ्योत्सर्ग करे -
ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां सम्बन्धिनो विश्वेदेवा इदमर्घ्यं वो नमः।।
जौ, जल पूड़ा पर छिड़क कर भोजन पात्रस्थ कुश पर पूड़ा का जल गिरा दे । पैंता (कुश) को पुनः पूड़ा में रखकर पूड़ा को आसन के दक्षिण भाग में इस मंत्र से उत्तान रखे और हिलावे नहीं -
ॐ विश्वेभ्यः देवेभ्यः स्थानमसि ।।
गन्धादि :- त्रिकुशा, जौ, जल लेकर इस मंत्र से गन्धादि का उत्सर्ग करे -
ॐ अद्य ... ... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां सम्बन्धिनो विश्वेदेवा एतानि गन्धपुष्पधूप दीपताम्बूल यज्ञोपवीताऽऽच्छादनानि/विद्यमानोपकरणानि वो नमः ।।
आसन सहित विश्वेदेवा के भोजन पात्र का जल से प्रदक्षिणक्रमानुसार मण्डल करे । दक्षि0 अप0 होकर अपने बांए भाग में भूस्वामि के अन्नादि का मोड़ा, तिल, जल लेकर उत्सर्ग करे -
ॐ इदमन्नम् एतद् भूस्वामि पितृभ्यो नमः ।।

पूर्वाभिमुख सव्य हो त्रिकुशहस्त विश्वेदेवा के भोजनपात्र में अन्न, घी, मधु, जौ दे जलपात्र वा पूड़ा में जल व घी दे।

मधुप्रक्षेप (व्यवहारात् अन्नस्पर्श) :- त्रिकुश लेकर भोजनपात्र के अन्न में उत्तान दाहिना हाथ लगावे -

ॐ मधुव्वाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः मधुनक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवं रजः । मधुद्यौरस्तु नः पिता मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ2 अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।। ॐ मधुमधुमधु ।।

पात्रालम्भन :-दाहिने हाथ के नीचे उत्तान बायां हाथ लगाकर भोजन-पात्र स्पर्श करते हुए यह मंत्र पढ़े -

ॐ पृथिवी ते पात्रं द्यौरपिधानं ब्राह्मणस्य मुखे ऽअमृते ऽअमृतं जुहोमि स्वाहा ।।

ॐ इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा निदधे पदम् समूढ़मस्य पांसूले । ॐ कृष्ण हव्यमिदं रक्षमदीयम् ।।

अवगाहन :- बांये हाथ को भोजनपात्र में लगाए रखते हुए ही दाहिने हाथ के अँगूठा से भोजनपात्र का अन्न पूड़ा का जल और फिर अन्न छूए -

ॐ इदमन्नम् । (अन्न) **। ॐ इमा आपः ।** (जल)**। ॐ इदं हविः ।** (अन्न) **।।**

भोजन :- त्रिकुश, जौ, जल लेकर मंत्र पढ़ते हुए विश्वेदेवान्न का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्रस्य पितुः .... प्रेतस्य सपिण्डीकरणनिमित्तक श्राद्धे .... गोत्राणां पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहानाम् .... शर्मणां सम्बन्धिनो विश्वेदेवा इदमन्नं सोपकरणं वो नमः।।

(इसके बाद पितृश्राद्ध वेदी के पास बैठे)

प्रेतासन :- हाथ-पैर धोकर पितृ श्राद्ध-स्थान में आकर दक्षि0 अप0, पातितवानजानु होकर मोड़ा, तिल, जल ले मोटक रूप प्रेतासन का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत (....... गोत्रे मातः ...... प्रेते) इदं आसनं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम्।।

पितामहादयासन :- प्रेतासन दानान्तर त्रिकमोड़ा-तिल-जल लेकर पितामह-प्रपितामह एवं वृद्ध-प्रपितामहों को आसन दे-

ॐ अद्य .... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः .... शर्माणः इमानि आसनानि वः स्वधा।। (मातृश्राद्ध जीवितपितृ- **..... गोत्राः पितामही-प्रपितामही-वृद्धप्रपितामह्यः ...... देव्यः**)

तिल-जल पश्चिम से पूर्व आसनों पर क्रमिक रूप से छींटे । अंजलिवत पितरों का आवाहन इस मंत्र से करे -

ॐ पितॄन् अहम् आवाहयिष्ये,
उशन्तस्त्वा निधीमह्युशन्तः समिधीमहि । उशन्नुशत आवह पितॄन् हविषे अत्तवे ।।

ॐ एत पितरः सोम्यासो गंभीरेभिः पथिभिः पूर्विणेभिः ।
दत्तास्मभ्यं द्रविणेहिभद्रं रयिञ्च नः सर्ववीरं नियच्छत ।।

ॐ आयन्तु नः पितरः सोम्यासोऽअग्निष्वात्ताः पथिभिर्द्देवयानैः ।
अस्मिन्यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधिब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ।।

तिलविकिरण :- ॐ अपहता असुरा रक्षांसि वेदिषदः ।। भोजनपात्र पर तिल छिड़के ।

अर्घ्यस्थापन :- चारों अर्घ्यपुटकों में पवित्री देकर इन दोनों मंत्रों से जल व तिल दें :-

ॐ शन्नो देवीरभिष्टये शन्नो भवन्तु पीतये । शंयोरभिस्रवन्तु नः ।। जल ।

ॐ तिलोऽसि पितृदेवत्यो गोसवो देवनिर्मितः ।

प्रत्नमद्भिः पृक्तः स्वधया पितॄन् लोकान् प्रीणाहि नः स्वधा ।। तिल । फूल व चंदन भी दे दें।

अर्घ्याभिमंत्रण :- तदूत्तर प्रेतार्घपूड़ा को बाएं हाथ में लेकर उससे पैंता/कुश निकाल कर प्रेत भोजनपात्र पर दक्षिणाग्र रख जल से सिक्त करे, दाहिने हाथ से पूड़ा को ढंके -

ॐ या दिव्या आपः पयसा सम्बभूबुर्या आन्तरिक्षा उत पार्थिवीर्याः ।

हिरण्यवर्णा यज्ञियास्ता न आपः शिवाः शं स्योनाः सुहवा भवन्तु ।।

अर्घ्य :- मो.ति.जल ले प्रेतार्घ का निम्न मंत्र से उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्र पितः .... प्रेत इदं अर्घ्यं ते मया दीयते तवोपतिष्ठताम् ।।

उत्सर्गोपरान्त पूड़ा का चतुर्थ भाग जल भोजनपात्रस्थ कुश पर गिराकर कुश को पुनः अर्घ्यपूड़ा में रखकर अर्घ्यपात्र को यथास्थान रख दे । तदूत्तर त्रिकमोड़ा धारण पूर्वक पितामहादिकों के अर्घ्यपात्रों से पैंता/कुश को निकाल अग्रस्थ भोजन पात्र पर दक्षिणाग्र रखकर जल से सिक्त करके अर्घ्यपुटकों को दोनों हाथों से ढंककर पुनः **''ॐ या दिव्या ....**

भवन्तु'' मंत्र पढ़े । तिल, जल से अर्घ्यों का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य .... गोत्राः पितामह-प्रपितामह-वृद्धप्रपितामहाः .... शर्माणः इमानि अर्घ्यानि ये चात्र युष्मानुयाँश्च यूयमनु तेभ्यः वः स्वधा ।।

एक (पश्चिम वाला) अर्घ्यपात्र दाहिने हाथ में लेकर सामने के भोजनपात्रस्थ कुश पर पितृतीर्थ से चतुर्थांश जल गिराकर कुश को पुनः पूड़ा में रख पूड़ा यथास्थान रखे, पुनः बीच वाले दूसरे व तीसरे पूड़े से भी वैसे ही चतुर्थांश अर्घ्य देकर कुश को पूड़ा में रखकर पूर्ववत यथास्थान रखे ।

पूर्वा0 सव्य हो आचमन कर **''ॐ विष्णुर्विष्णुर्हरिर्हरिः''** पढ़ कर हरिस्मरण करे ।

अर्घ्यसंयोजन :- दक्षि0 अपसव्य होकर अग्रिम मंत्र से प्रेतार्घपात्र का जल अलग से पूर्वाग्र रखे हुए तीन खाली पूड़ों में से दो पूड़ों में समंत्र व एक में बिना मंत्र के एक-एक तिहाई जल दे दे -

ॐ ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये । तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो देवेषु कल्पताम् ।

ॐ ये समानाः समनसो जीवा जीवेषु मामकाः । तेषां श्रीर्मयि कल्पतामस्मिंल्लोके शतं समाः ।।

तदूत्तर पितामह सम्बन्धी पूड़े का समस्त जल प्रेतपूड़ा में लेकर **ॐ ये समानाः .... समाः** यह मंत्र पढ़कर पितामह के पूड़ा में सभी जल गिरा दे पुनः पूर्ववत् प्रपितामह संबंधी पूड़ा का जल प्रेतपूड़ा में ले प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा समंत्र दे दे । इसी विधि से समंत्र वृद्ध-प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा में भी जल देवे ।

न्युब्जीकरण :- कुश सहित प्रेतार्घपूड़ा को इस मंत्र से प्रेतासन से पश्चिम अधोमुख कर दे -

ॐ पित्रे (मात्रे) स्थानमसि ।। दक्षिणा देने तक उस पूड़ा को नहीं हिलावे ।

वृद्धप्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा का जल व कुश प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा में देकर यथास्थान रखे, फिर प्रपितामह के अर्घ्यपूड़ा का जल, कुश पितामह के अर्घ्यपूड़ा में गिराकर यथास्थान रखे । पितामहार्घपात्र को उठा कर प्रपितामहार्घ-पात्र में रखे फिर दोनों अर्घ्यपात्रों को उठाकर वृद्ध-प्रपितामहार्घ-पात्र में रखकर तीनों को दाहिने हाथ से पितामहादिकों के आसन से पश्चिम भाग में अधोमुखी कर दे -

ॐ पितृभ्यः स्थानमसि ।। दक्षिणा देने तक उन पूड़ों को न हिलावे ।

गन्धादि :- प्रेतमोड़ा, तिल, जल लेकर प्रेत के गन्धादि का उत्सर्ग करे -

ॐ अद्य ...... गोत्र पितः .... प्रेत एतानि गन्धपुष्पधूपदीपताम्बूल यज्ञोपवीताऽऽच्छादनानि/ विद्यमानोपकरणानि ते मया दीयन्ते तवोपतिष्ठन्ताम् ।।

त्रिक मोड़ा, तिल, जल लेकर पितामहादि तीनों के गन्धादि का उत्सर्ग करे -

